आपदा प्रबंधन योजना

जिला– गुना (म.प्र.)



2013-14

कलेक्टर / अध्यक्ष
जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,
जिला गुना (म.प्र.)

जिला आपदा प्रबंधन योजना

जिला–गुना

वर्ष 2013–14

विषय सूची

क्र0	विवरण	पृष्ठ क्र.
1	आपदा प्रबंधन एक नजर में	6-7
2	**अध्याय –1** जिला गुना परिचय एवं महत्वपूर्ण जानकारियाँ	8-21
3	**अध्याय –2** जिले के संभावित आपदाओं का विवरण संवेदनशीलता तथा क्षमता आँकलन	22-34
4	**अध्याय –3** आपदा प्रबंधन संस्थागत तंत्र	35-42
5	**अध्याय –4** जिला गुना मे आपदा रोकथाम, हेतु आवश्यक तैयारी	43-71
6	**अध्याय –5** जिला गुना मे चिन्हित कुछ प्रमुख आपदाओं की शमन कार्य योजना	72-83
7	**अध्याय –6** जिला गुना आपदा अनुक्रिया कार्य योजना	84-101
8	**अध्याय –7** पूर्व स्थिति की प्राप्ति या सामान्य स्थिति की बहाली	102-105
9	**अध्याय –8** आपदा के दौरान जिला गुना मीडिया प्रबन्धन	106-111

क्र0	अनुलग्नकों का विवरण	पृष्ठ क्र.
1	जिला गुना मे डी.डी.एम.ए. के प्रमुख अधिकारियों का नाम, पदनाम एवं दूरभाष	113
2	जिला एवं विकासखण्डों का सड़क एवं रेल मानचित्र	114
3	जिले में चिन्हित प्रमुख खतरों से संवेदनशील क्षेत्रों का तहसीलवार विवरण मानचित्र पर दर्शाये	115-120
4	जिला गुना के प्रमुख पुलिस अधिकारियों के नाम, पता एवं दूरभाष नम्बर	121
5	जिला,ब्लॉक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रमुख चिकित्सा आधिकारी का नाम,अस्पताल का नाम,पता,मोबाईल नम्बरों का विवरण	122
6	जिले में उपलब्ध ब्लड बैंकों का विवरण	123
7	जिले में स्वेच्छिक रक्तदाताओं का विवरण	124-126
8	जिले मे पदस्थ पशुचिकित्सकों का विवरण	127
9	जिले के पेट्रोल पम्पों का विवरण	128-130
10	जिले के कुशल तैराक उपलब्ध कराने वाले अधिकारी का नाम, पद, ऑफिस, टेलीफोन नं.का विवरण	131
11	जिले मे कार्यरत स्वयंसेवी संगठनों का विवरण	132-133
12	जिले के महत्वपूर्ण दूरभाष केन्द्रों का विवरण	134
13	जिले के प्रमुख विद्युत उप केन्द्रों का विवरण	135-136
14	जिले के बाढ़ (संभावित) ग्रामों की सूची	137-138
15	जिले मे कार्यरत खतरनाक उद्योगो की सूची	138
16–17	जिले मे उपलब्ध संसाधनों गैर–सरकारी एवं सरकारी (एम्बुलेंस, कटर मशीन, नाव,अग्नि शमन वाहन, बुलडोजर, डम्पर) का विवरण	139
18	जिले के प्रमुख यातायात सड़क परिवहन अधिकारी का नाम,पद,पता,टेलीफोन ऑफिस एवं मोबाईल नम्वरों का विवरण	140

19	जिले के प्रमुख बांधों की सूची	140-141
20	जिले के प्रमुख शैक्षणिक अधिकारियों के नाम,पद,पता,टेलीफोन एवं मोबाईल नम्बरों की सूची	142
21	जिले/तहसील में अस्थाई शिविर उपलब्ध कराने वाले अधिकारी का नाम, पता,टेलीफोन एवं मोबाईल नम्बरों का विवरण	143
22	जिले मे उपलब्ध टेन्ट हाऊसों की सूची	144-145
23	जिले में उपलब्ध जल संसाधन टेंको का विवरण	146
24	जिले में उपलब्ध होटल, लॉज, रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस का विवरण	147-148
25	जिले में उपलब्ध दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्रों का विवरण	149-150
26	जिले के मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सूची	151-152
27	जिलें में उपलब्ध केवल नेटवर्क ऑपरेटरों की सूची	153-154
28	जिले मे उपलब्ध रेस्टोरेंटों, केटरर्स की सूची	155-156
29	जिले के प्रमुख सरकारी/ग्रामीण बैंकों का तहसीलवार विवरण	157-158
30	जिले के प्रमुख जीवन/सामान्य बीमा कार्यालयों/केन्द्रों का विवरण	158
31	जिले के प्रमुख रेल्वे स्टेशनों का विवरण	159
32	जिले के प्रमुख बस स्टेण्ड का विवरण	160
33	जिले की प्रमुख उचित मूल्य की दुकानों की सूची	161-166
34	महिला एवं बाल बिकास के जिला परियोजना अधिकारी का नाम, पता	166
35	पूर्व तैयारी हेतु चैक लिस्ट	167-169
36	शमन गतिविधियॉ जिला–गुना	170-177
37	भूकम्परोधी भवन निर्माण तकनीकी	178-188

आपदा प्रबंधन कार्ययोजनाः एक नजर में

गुना में जिला आपदा प्रबन्धन कार्य योजना का निर्माण जिला स्तरीय परामर्श कार्यशालाओं एवं समूह कार्य के माध्यम से किया गया है। इसके अन्तर्गत प्रथम चरण में जिले के प्रमुख अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों तथा जिला स्तर पर कार्यरत अन्य क्रियाशील संगठनों के अभिमुखीकरण तथा जिला स्तर पर आयोजित किये गये जिला परामर्श (कन्सलटेशन) के माध्यम से जिला आपदा प्रबन्धन कार्य योजना तैयार की गयी है।

इस जिला आपदा प्रबन्धन कार्य योजना में जिला गुना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण आंकड़े एवं जानकारियों जैसे प्रशासनिक व्यवस्था, भौगोलिक संरचना, उपलब्ध संसाधनों, सेवाओं ग्राम सभाओं तथा जिलें के आधारभूत आंकड़ों को **प्रथम अध्याय** में प्रस्तुत किया गया है।

द्वितीय अध्याय में जिले की सम्भावित खतरों तथा उन खतरों से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों व्यक्तियों/परिवारों एवं सम्भावित खतरों से निपटने के लिए जिले में उपलब्ध संसाधनों को सूचीबद्ध किया गया है। जिला स्तर पर कार्यरत विभिन्न सरकारी विभागों स्वयं सेवी संगठनों तथा अन्य उत्तरदायित्व धारकों के साथ बैठक, संपर्क, परामर्श, समूह कार्य इत्यादि महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं को शामिल करते हुए जिला गुना के संभावित खतरों, संवेदनशील क्षेत्रों तथा गॉवों का चिन्हींकरण किया गया है।

तृतीय अध्याय में विभिन्न चिन्हित खतरों का सामना करने हेतु जिले में उपलब्ध व्यवस्था के विषय में विस्तृत विवरण उल्लेखित किया गया है। विभिन्न चिन्हित खतरों के दौरान जिला स्तर पर आपदा प्रबंध कानून 2005 के अनुरूप गठित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किये जाने वाले विभिन्न कार्यों को सूचीबद्ध एवं उल्लेखित किया गया है।

चतुर्थ अध्याय में जिले में चिन्हित खतरों का प्रभावी रूप से सामना करने हेतु विभिन्न स्तरों पर की जाने वाली पूर्व तैयारी के विषय में विस्तृत विवरण अंकित किया गया है।

इसके अन्तर्गत आपदा संभावित क्षेत्रों मे की जाने वाली तैयारी आापदा के दौरान किये जाने वाले कार्य इत्यादि को विस्तृत रूप सें सम्मिलित किया गया है।

पंचम अध्याय में चिन्हित विभिन्न खतरों के शमन योजना के विषय में विस्तृत विवरण उल्लेखित किया गया हैं। किसी भी आपदा के समय जिला स्तर पर कार्यरत विभिन्न विभागों द्वारा सामूहिक रूप से आपदा प्रबन्धन का कार्य किया जाता है।

षष्ठम अध्याय में विस्तृत रूप से उल्लेखित किया गया है कि आपदाओं की अनुक्रिया में कौन–कौन से कार्य किये जायेंगे तथा उन कार्यों के सुचारु रूप से संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु कौन–कौन से विभाग किन–किन गतिविधियों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करेंगे। तहसील तथा जिला स्तर पर कितने प्रकार की दल गठित किये जायेंगे, दलों का नोडल अधिकारी कौन होगा तथा किसी भी आपदा के समय नोडल अधिकारी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को सूचीबद्ध किया गया है। इस अध्याय में जिला स्तर पर कार्यरत प्रमुख विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों को सूचीबद्ध किया गया है।

सप्तम अध्याय में आपदा के उपरान्त किये जाने वाली गतिविधियों के विषय में उल्लेखित किया गया है। पुनः प्राप्ति अर्थात ''सामान्य स्थिति की बहाली'' हेतु की जाने वाली गतिविधियों के विषय में विस्तृत रूप से उल्लेखित किया गया है।

अष्टम अध्याय में मीडिया प्रबन्धन के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी है। साथ ही साथ विभिन्न खतरों/आपदाओं के समय विभिन्न स्तर जैसे पूर्व तैयारी अनुक्रिया, शमन में मीडिया का प्रभावी रूप से कैसे उपयोग किया जा सकता है, विषय पर विस्तृत विवरण दिया गया है।

अध्याय १

परिचय एवं महत्वपूर्ण जानकारियाँ–

जिला गुना

1.1 आपदा प्रबंधन एवं नियोजन की आवश्यकता

आपदा एक आकस्मिक तथा अनिश्चित चुनौती है। यद्यपि कुछ आपदाओं को रोकना संभव नहीं है परन्तु उनके प्रभाव को न्यूनतम किया जा सकता है। कई मानव जनित आपदाओं को एवं कुछ सीमा तक प्राकृतिक आपदाओं को भी रोका जा सकता है। नियोजन, पूर्व तैयारी, शमन और पूर्वाभ्यास होने पर किसी भी आपदा के प्रभाव को न्यूनतम या कई स्थितियों में नगण्य किया जा सकता है।

1.1.2 **आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 –** ''आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005'' के अनुसार भारतवर्ष के प्रत्येक जिले की आपदा प्रबंधन योजना तैयार करना आवश्यक है।

1.1.3 **स्थानीय स्थिति –** जब भी किसी क्षेत्र विशेष पर आपदा आती है, तो सर्वप्रथम स्थानीय लोग, स्थानीय प्रशासन और स्थानीय विभाग ही त्वरित अनुक्रिया करते हैं; राज्य और संपूर्ण देश से मद्द आने में समय लगता है, और यदि वे समय पर पहुंच भी जाए तो भी स्थानीय परिस्थितियों और वातावरण से तालमेल बैठाते और उसको समझते–समझते काफी समय निकल जाता है अतः आवश्यक है कि, निवारण, शमन और पूर्व तैयारी हेतु स्थानीय स्तर पर नियोजन किया जाए जिससे स्थानीय स्थिति के अनुरूप कार्यवाही की जा सके।

1.1.4 **विशिष्ट क्षेत्र –** प्रत्येक जिले की अपनी अलग विशेषताएं होती हैं, प्रशासनिक रूप से वह एक अलग इकाई होता है, और कार्यक्षेत्र स्पष्ट रूप से विभाजित होता है। अतः जिला स्तर पर कार्यवाही करना आसान होता है। ऐसे में जिले की अपनी पृथक आपदा

प्रबंधन रणनीति हो, पृथक योजना हो तो कार्य को और सुगम बनाया जा सकता है।

1.1.5 **अभी तक की स्थिति** – जिला गुना में, अद्यतन बहुआयामी एवं अनुकूलतम आपदा प्रबंधन योजना तैयार नहीं है; यद्यपि गुना जिले में स्थित एन0एफ0एल0 एवं गेल के औद्यौगिक क्षेत्र होने के कारण ऑफ साईट इमरजेंसी प्लान का निर्माण किया गया है, परन्तु संपूर्ण जिले के विभिन्न संभाव्य आपदा जोखिमों एवं संवेदनशील क्षेत्रों के संदर्भ में अधिक अनुकूल, बहुआयामी एवं व्यवस्थित योजना बनाना अति आवश्यक है।

1.1.6 **पूर्व तैयारी –** आपदा प्रबंधन योजना का एक महत्वपूर्ण चरण है– पूर्व तैयारी से आशय है कि किसी भी प्रकार की आपदा का सामना करने के लिए प्रशासन और समुदाय पूर्णरूपेण तैयार रहें। आपदा पूर्व तैयारी में यह भी शामिल होता है कि किस दल की क्या जिम्मेंदारी होगी; किस प्रकार की आपदा आने पर क्या कार्य योजना अपनाई जाएगी, शासन की भूमिका क्या होगी, स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका क्या होगी और समुदाय की भूमिका क्या होगी। यदि हमारे पास ''पूर्व योजना'' की एक अनुकलतम रूपरेखा हो, एवं समुदाय के विभिन्न वर्गों को उसके अनुसार प्रशिक्षण दिया जाए, अवास्तविक अभ्यास (Mock drill) करवाए जाएं, तो यह निश्चित है, कि आपदा पर सहज नियंत्रण पाया जा सकता है।

1.1.7 **विकास तथा आपदा प्रबंधन –** आज की आवश्यकता है, कि विकास की अवधारणा में ''आपदा प्रबंधन'' को भी शामिल किया जाए। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के विकास के साथ–साथ विभिन्न आपदाओं से कैसे बचा जाए, और कैसे उनके प्रभावों को कम किया जाये यह जानकारी होना भी एक स्वस्थ विकास का द्योतक

है। इसी प्रकार विभिन्न प्रकार की निर्माण एवं विनिर्माण संबंधी विकास योजनाओं में आपदा संबंधी ''संरचनात्मक'' शमन उपायों को प्राथमिकता देते हुए शामिल करना अति आवश्यक है; लोगों में भूकंपरोधी मकान निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति जागरूकता लानी होगी।

1.1.8 **तैयार समुदाय** – किसी भी आपदा स्थिति से मुकाबला करने हेतु पूर्व तैयारी हो, संरचनात्मक एवं गैर संरचनात्मक शमन ठीक प्रकार से नियोजित हो– समुदाय तैयार हो, तो आपदा की अनुक्रिया कई गुना बेहतर ढंग से एवं न्यूनतम हानि के साथ संपन्न की जा सकती है।

1.1.9 **योजना एवं कोष सहायता –** शासकीय एवं गैर–शासकीय संस्थाओं के पास ''आपदा प्रबंधन'' हेतु कोष उपलब्ध है, किंतु इस कोष का बहुत सीमित उपयोग हो रहा है, इस विसंगति का एकमात्र कारण है, अनुकूलतम योजना की अनुपलब्धता। यदि जिले के आपदा प्रबंधन हेतु एक व्यवहारिक एवं अनुकूल योजना हो, एवं उसमें यह स्पष्ट परिलक्षित हो कि किस मद पर कितना व्यय किया जाना है, कितने कोष की आवश्यकता है, तो निश्चय ही आपदाओं का प्रबंधन प्रभावी तरीके से किया जा सकता है।

1.1.10 **जागरूकता –** ''आपदा प्रबंधन'' के संदर्भ में लोगों का ज्ञान एवं जागरूकता अत्यंत न्यून है। चाहे वह आम जनता, कर्मचारी, अधिकारी या अन्य प्राधिकारी हो। यदि सभी अधिकारी, प्राधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर जिला आपदा प्रबंध योजना तैयार की जायेगी तो आपदा प्रबंधन के विषय में उनके ज्ञान और कौशल भी विकसित होंगे।

1.2 आपदा प्रबंधन के बदलते प्रतिमान

वर्तमान में आपदाओं के प्रबन्धन में भारत सरकार द्वारा अब केवल ''राहत'' की धारणा को वृहद्ता प्रदान करते हुए एक नये एवं विस्तृत दृष्टिकोण को अपनाया है। इस नये दृष्टिकोण के अंतर्गत आपदा प्रबंधन को विकास के साथ प्रत्यक्ष रूप से जोड़कर देखा जा रहा है। विभिन्न स्तरों पर (केन्द्र, राज्य, जिला, तहसील एवं ग्राम) आपदा प्रबंधन हेतु प्रभावी नियोजन एवं जन सहभागिता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आपदा प्रबंधन के प्रतिमान अब बदल गये हैं, जिनके मुख्य बिन्दु निम्नवत है –

- आपदा प्रबंधन का विकास के साथ सम्मिलियन,
- अनुक्रिया के साथ–साथ रोकथाम, पूर्व तैयारी एवं शमन,
- पूर्ण एकीकरण सहित समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन,
- स्थानीय नियोजन,
- बहुआयामी एवं बहुस्तरीय नियोजन।

1.3 जिला आपदा प्रबन्धन योजना का उद्देश्य

आपदा की संभावना या जोखिम को कम करते हुए जिला गुना के समुदाय, प्रशासन एवं अन्य सभी संस्थाओं की क्षमता वृद्धि द्वारा आपदा के प्रभाव को न्यूनतम करना ही आपदा प्रबंधन योजना का मुख्य लक्ष्य है। जिला आपदा प्रबंधन योजना के उद्देश्य निम्नवत है : –

1. जिले के प्रमुख खतरों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हीकरण, जिससे किसी भी आपदा के समय होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।
2. जिले में आपदा के दौरान कार्य करने वाले विभिन्न विभागों एवं अन्य प्राधिकृतों के पास उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण करना।

3. जिला स्तर पर आपदाओं से बचने हेतु आवश्यक एवं प्रभावी पूर्व तैयारी; व्यवस्थित, भौतिक संसाधन एवं क्षमतापूर्ण मानव संसाधन सुनिश्चित करना।

4. आपदा के प्रभाव में कमी तथा रोकथाम हेतु क्षेत्र विशिष्ट एवं जोखिमवार कार्य योजना तैयार करना।

1.4 जिला आपदा प्रबन्धन योजना की सीमायें

आपदा प्रबन्धन कार्य योजना गुना की सीमायें अग्रांकित हैं–

1.4.1 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदाओं के प्रबंधन हेतु विभिन्न आपदाकालों को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है। इस वर्गीकरण का निर्धारण विभिन्न स्तरों पर कार्यरत प्राधिकारी विभागों/प्रशासन द्वारा आपदाओं का सामना करने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए किया गया है। जिसका विवरण निम्नवत है :–

एल–0 सामान्य समय : जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण द्वारा खतरो एवं संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हीकरण, आपदा रोकथाम, पूर्व तैयारी एवं शमन, अनुक्रिया हेतु दलों का गठन एवं प्रशिक्षण, सामुदायिक जनजागरूकता आदि महत्वपूर्ण कार्यो को पूर्ण किया जायेगा।

एल–1 स्थिति में : आपदाओं का सामना जिला स्तर पर किया जा सकेगा। यद्यपि किसी भी सहायता एवं आवश्यकता हेतु राज्य एवं राष्ट्र तैयार रहेंगे।

एल–2 स्थिति में : आपदाओं का प्रबंधन बिना राज्य/राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग के किया जाना संभव नही है। जिले में एल–2 स्तर की आपदा आने पर जिला स्तर पर तैयार की गई आपदा प्रबंध कार्य

योजना पूर्णरूपेण प्रभावी नही होगी यद्यपि कार्य को प्रभावी तरीके से करने हेतु आधार प्रदान करेंगी।

एल–3 में : जिले में एल–3 स्तर की आपदा आने पर बिना राष्ट्र/राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग के आपदाओं का सामना करना संभव नही है।

1.4.2 कुछ विशेष प्रकार के आपदओं जिनका वर्तमान में कोई पूर्वाभास नही हैं, ऐसी किसी अप्रत्याशित आपदा उदाहरणार्थ जैविक आपदाओं के आने पर जिला आपदा प्रबंधन योजना पूर्ण रूप से प्रभावी नहीं होगी।

1.5 जिला आपदा प्रबन्धन कार्य योजना निर्माण की प्रक्रिया

जिला गुना की आपदा प्रबन्धन कार्य योजना का निर्माण निम्नलिखित चरणों को पूरा करते हुए किया गया है।

- जिले के प्रमुख अधिकारियों का आपदा से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर अभिमुखीकरण।
- सभी विभागों के पास उलपब्ध ऑकड़ों का संकलन एवं विश्लेषण।
- विशेषज्ञों के साथ सम्पर्क/चर्चा
- परामर्श कार्यशालाओं का आयोजन, जिला स्तरीय अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों, मीडिया तथा स्थानीय प्राधिकरणो के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा एवं समूह कार्य के माध्यम से जिले के प्रमुख खतरों, संवेदनशील क्षेत्रों, संसाधनों का चिन्हीकरण।

- परामर्श कार्यशालाओं के दौरान जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण का गठन एवं कार्य, जिला आपदा प्रबन्धन कक्ष की स्थापना, चिहिन्त आपदाओं के रोकथाम एवं शमन हेतु जिले की तैयारी, मानव संसाधन, उपकरण, आपदा अनुक्रिया हेतु दलों का गठन एवं भूमिका इत्यादि पर विचार–विमर्श एवं चर्चा।
- प्राधिकृत व्यक्तियों, संस्थाओं, जन समुदाय के सुझावों को शामिल करने के लिए जिले की बेवसाइट पर कार्य योजना का प्रकाशन।
- तैयार जिला आपदा प्रबंधन कार्य योजना स्वीकृति हेतु राज्य प्राधिकरण को प्रेषित की जायेगी तथा स्वीकृति उपरान्त योजना को लागू कर दिया जायेगा।

1.6 जिला गुना की आधारभूत जानकारी

1.6.1 जिला गुना – एक नज़र में

जिला गुना – एक नज़र में	
गठन	1 नवम्बर 1956 (मध्यप्रदेश के गठन के साथ)
भौगोलिक स्थिति	23.22 डी 53 से 25.07 डी उत्तरी अक्षांश, 76. 48 डी. 78.17 डी. दक्षिणी देशांतर
जिले की सीमाएं	जिले के उत्तर पूर्व में शिवपुरी, पूर्व में अशोक नगर, दक्षिण पूर्व में जिला विदिशा, दक्षिण में जिला भोपाल, दक्षिण पश्चिम में जिला राजगढ़, उत्तर पश्चिम में राजस्थान राज्य की सीमा लग जाती है।
भौगोलिक क्षेत्रफल (वर्ग कि. मी.)	6390.00
वन क्षेत्र (हेक्टेयर)	101375
सामान्य वर्षा स्तर (मि. मि.)	735
औसत वर्षा स्तर (मि. मि.)– 2010में	934.6
न्यूनतम तापमान	4.8 डिग्री सेल्सियस (जनवरी)
अधिकतम तापमान	47.6 डिग्री सेल्सियस (मई)
मुख्य औद्योगिक क्षेत्र	गुना, राधौगढ़,चाचौड़ा

(स्त्रोतः जिला सांख्यिकी पुस्तिका, वर्ष 2011, जिला– गुना)

जनसंख्या (स्त्रोतः जनगणना 2011)	
कुल जनसंख्या	1241519
म0प्र0 की कुल जनसंख्या में जिले का भाग	1.7
कुल शहरी जनसंख्या	312675
कुल ग्रामीण जनसंख्या	928844
कुल जनसंख्या अ0जा0	193115
कुल जनसंख्या अ0ज0जा0	190819
जनसंख्या घनत्व (प्रति वर्ग कि0मी0)	194
जनसंख्या में दशकीय वृद्धि दर (2001–2011)	
कुल	26.9
ग्रामीण	25.7
शहरी	30.9
अनुसूचित जाति	25.8
अनुसूचित जनजाति	33.2

लिंग (स्त्रोतः जनगणना 2011)	
लिंगानुपात	
संपूर्ण जनसंख्या	912
ग्रामीण	911
शहरी	915
अनुसूचित जाति	919
अनुसूचित जनजाति	943
कार्य सहभागिता दर–महिला	30.3

आधारभूत सुविधाएं (स्त्रोतः जनगणना 2011)	**प्रतिशत**
परिसर के अन्दर पेय जल की उपलब्धता	**21.0**
परिसर के निकट पेय जल की उपलब्धता	47.0
परिसर से दूर पेय जल की उपलब्धता	32.0
विद्युत सहित परिवार	59.7
शौचालय सहित परिवार	19.8
परिवहन सुविधा	
कार/जीप/वॅन की उपलब्धता वाला परिवार	2.5

स्वास्थ्य सुविधाएं (2011)– कुल जनसंख्या एवं कुल शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों की उपलब्धता के आधार पर	
प्रति स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर जनसंख्या	8805
प्रति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर ग्रामीण जनसंख्या	61923
प्रति उप स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर ग्रामीण जनसंख्या	7805
कुल उप–स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या	119
कुल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या	15
कुल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या	06
जिला अस्पताल	01

साक्षरता (स्त्रोतः जनगणना 2011)

	कुल	ग्रामीण	शहरी
जिला गुना	63.2	58.4	77.1
महिला	51.4	45.4	68.4
पुरूष	74.1	70.2	85.2
अनुसूचित जाति	59.7	57.0	67.4
अनुसूचित जनजाति	43.7	42.7	61.8

प्राथमिक शालाओं का आधारभूत ढांचा

स्कूलों की कुल संख्या (शासकीय एवं निजी)	2584
बाउंड्रीवालयुक्त स्कूल (%)	36.1
पेयजल की सुविधा वाले स्कूल (%)	100.0
लड़कियों के लिए शौचालययुक्त स्कूल (%)	99.0
विद्युत्सुविधा युक्त स्कूल (%)	17.4

(स्त्रोतः– डिस्ट्रिक्ट एलीमेंटरी एडुकेशन रिपोर्ट कार्डः 2011–12, जिला– गुना)

स्थानीय निकायः जिला–गुना

निकाय	संख्या	विवरण
जिला पंचायत	01	गुना
जनपद पंचायत	05	गुना, आरोन, बमौरी, राघौगढ़, चाँचौड़ा
नगर पालिका	02	गुना, राघौगढ़
नगर परिषद्	03	आरोन, बीनागंज, कुंभराज
ग्राम पंचायत	425	————————————

प्रशासनिक ढाँचाः जिला–गुना

राजस्व निरीक्षक मंडल	12
त्हसीलें	1. गुना 2. राघौगढ 5. कुंभराज 6. बमोरी 3. आरोन 4. चाचौड़ा 7. मकसूदनगढ़
कुल ग्राम	1376
राजस्व ग्राम	1375
आबाद ग्राम	1264
वीरान ग्राम	115
वन ग्राम	01
पुलिस स्टेशन	17
पुलिस चौकी	21

1.6.2 जिले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

ऐतिहासिक रूप से गुना जिला अवन्ति राज का हिस्सा था, बाद में यह मगध साम्राज्य में शामिल हो गया था। अठारहवीं सदी के प्रारंभ में चंदेरी मालवा का भाग था तथा गुना का बाकी क्षेत्र राघौगढ़ स्टेट का भाग था, बाद में राघौगढ़ तीन स्टेट में बंट गया। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात् गुना जिला ग्वालियर स्टेट के सानिध्य में आ गया। 1860 में गुना जिला ब्रिटिश छावनी के अंतर्गत आ गया, हालांकि गुना, ग्वालियर का भाग था, ब्रिटिश होने के कारण इसका मुख्यालय बाजरानगढ़ था, जो कि गुना से 06 किमी0 दूर स्थित है। 1897 में गुना से गुजरने वाली रेल लाईन बनाई गई जो मध्य रेल्वे के अंतर्गत आती है। आजादी के बाद 28 मई 1948 में गुना मध्य भारत की 16 स्टेट्स में से एक हो गया।

1.6.3 भौगोलिक संरचना

जिला गुना मालवा और चंबल का प्रवेश द्वार कहलाता है। गुना मालवा के पठार पर पार्वती और बेतवा नदी के बीच उत्तर पूर्व में बसा है। दक्षिण में जिले का बड़ा भाग मालवा के पठार के अंतर्गत आता है। जिले का अधिकांश भू–भाग ज्वालामुखी उत्पत्ति के अवनत पठारों व मैदानों तथा नदियों द्वारा विकसित सौपानों, बाढ़कृत मैदानों को दर्शाता है। जिले का भू–भाग वृहत गंगा द्रोणी के अंतर्गत चंबल, सिंध व बेतवा उपद्रोणीयों का भाग है। पार्वती, सिन्ध व बेतवा इनकी सहायक नदियॉ जिले के पश्चिमी मध्य तथा पूर्वी भाग में बहती है।

1.6.4 जलवायु एवं तापमान

जिले की जलवायु समशीतोष्ण है। सर्दियॉ प्रायः नवम्बर से जनवरी तक चलती है जबकि तापमान औसतन 8.6 डिग्री सेलसियस से 20.5 डिग्री

सेलसियस के बीच रहता है। फरवरी माह में सर्दी का प्रभाव कम हो जाता है। मार्च से जून तक गर्मीयों का मौसम रहता है; गर्मियों में तापमान 31^0 सेलसियस से 45.2^0 सेलसियस के बीच रहता है।

1.6.5 औसत वर्षा

गुना जिले का पिछले पाँच वर्ष के औसत वर्षा का विवरण निम्नवत है : –

तालिका 1.2

गुना जिले औसत वर्षा (मि0मी0 में)

क्र.	वर्ष	वर्षा
1	2011–12	1751.7
2	2010–11	–
3	2009–10	934.6
4	2008–09	–
5	2007–08	1096.1
6	2006–07	962.1
7	2005–06	947.8

स्त्रोतः जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, 2011

1.6.6 उद्योग

जिले के उत्तर में ग्वालियर और दक्षिण में इंदौर जिला होने के कारण, यहाँ औघौगीकरण भी हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग यहॉ औघौगीकरण को और बढ़ा देता है। गुना की मुख्य औघौगिक इकाईयां अग्रांकित है–

1. नेशनल फर्टिलाईसर्स लिमिटेड (एन0एफ0एल0)।
2. गैस अथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल)।
3. इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन बॉटलिंग प्लाण्ट।
4. दीपक स्पिनर्स लिमिटेड।

1.6.7 यातायात

गुना मध्यप्रदेश तथा शेष भारत से सड़क तथा रेल से जुड़ा है।

- **सड़कें**

गुना आगरा बाम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग क्र0 03 पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जिले के मुख्य स्थान पलाई, गुना, रूठाई, आरोन एवं बीनागंज है। राष्ट्रीय राज्यमार्ग की जिले में कुल लंबाई लगभग 125 किमी0 है। जिले में प्रमुख राज्यमार्गो की कुल लंबाई लगभग 248 किमी0 है। राज्य राजमार्ग नं0 10 (रांची बिहार से देहरदा), नं0 19 (जैतपुर उत्तरप्रदेश से सुसनेर महाराष्ट्र) एवं राज्य राजमार्ग नं0 23 सबलगढ़ मध्यप्रदेश से नागपुर महाराष्ट भी जिले से गुजरते है।

- **रेल्वे**

गुना जिला पश्चिम रेल के कोटा–बीना सेक्शन की ब्राडगेज लाईन पर स्थित है। एक अन्य रेल लाईन (गुना–मक्सी) इसे इन्दौर व उज्जैन से जोड़ती है। कोटा, बीना, उज्जैन, इन्दौर व ग्वालियर हेतु ट्रेने उपलब्ध है।

- **वायु मार्ग**

जिले में हवाई पट्टी स्थित है। निकटतम हवाई अड्डा भोपाल में है, जो कि जिले से 214 किमी0 दूर है।

अध्याय–2

जिले के संभावित आपदाओं का विवरण संवेदनशीलता तथा क्षमता आँकलन

2.1 जिला गुना में संभावित प्रमुख खतरे

जिला गुना में विद्यमान खतरों की पहचान एवं विशलेषण, जिला स्तर पर आयोजित किये गये कार्यशालाओं एवं समूह कार्य के माध्यम से किया गया। जिले में कुल 11 प्रकार के खतरे विद्यमान हैं, जिनका विवरण निम्नवत है।

2.1.1 पानी तथा जलवायु संबंधी विपदाएं

- बाढ़
- सूखा
- ओलावृष्टि

2.1.2.भू–गर्भ संबंधित विपदाएं

- भूकम्प
- खदान सम्बंधी खतरा/ दुर्घटना

2.1.3 रासायनिक, औद्योगिक एवं परमाणु संबंधित विपदाएं

- औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटना
- रसायनों का परिवहन एवं संग्रहण

2.1.4 जैविक विपदाएं

- महामारी

2.1.5 दुर्घटना संबंधित विपदाएं

- त्यौहार संबंधी खतरे
- सड़क दुर्घटनायें
- रेल दुर्घटनायें
- घरेलू आग एवं जंगल की आग

2.2 गुना जिले की प्रमुख आपदाओं का संक्षिप्त विश्लेषण

जिले में उपलब्ध, आपदा विषयक पिछले वर्षों के द्वितीयक आंकड़ो, प्रशिक्षण एवं परामर्श कार्यशालाओं के दौरान चर्चा एवं विचार–विमर्श करके प्राप्त जानकारियों द्वारा खतरों की पहचान एवं श्रेणीकरण किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है; देखें चित्र 2.A।

चित्र 2.A

श्रेणी	खतरा
I	बाढ़
II	औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटना
III	सड़क दुर्घटना
IV	रसायनों का परिवहन एवं संग्रहण
V	सूखा
VI	भूकम्प
VII	त्यौहारों से संबंधित दुर्घटनाएं
VIII	टाग
IX	खदान सम्बंधी दुर्घटनायें
X	रेल दुर्घटनायें
XI	महामारियां
XII	ओलावृष्टि

2.2.1 बाढ

गुना जिले में लगभग प्रत्येक वर्ष बाढ की स्थिति बन जाती है जिसका प्रमुख कारण अति वर्षा एवं सिहोर, भोपाल, होशंगाबाद, विदिशा एवं गुना जिलों में लगातार वर्षा होने एवं परिणामास्वरूप भदभदा एवं कलियासोत डैम के गेट खुलने से जिले में मुख्यतः पार्वती नदी में एवं उसके उसकी सहायक नदियों कूनो एवं सिंध में पानी बढ़ जाने से बाढ़ की सम्भावना बन जाती है। परिणामस्वरूप इन नदियों के किनारे बसे ग्राम तथा निचले क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण प्रभावित होते हैं। जिले में मुख्यतः 42 गाँव चपेट में आते हैं जिनमें से सात गाँव बाढ़ हेतु अतिसंवेदनशील हैं।

तालिका 2.1

बाढ उन्मुख नदियों एवं प्रभावित होने वाले ग्रामों की सूची

क्र0	तहसील	नदियों के नाम	संवेदनशील ग्राम	अतिप्रभावित ग्राम
1	बमोरी	सिंध	सोडा, पाठी, पीपल्या,रामनगर,टकोदिया,बनियानी	
2	कुंभराज	पार्वती	निजामपुर, ऊपरी, मूडरा, केकडयाकला, कैकडयाखुर्द, कांदई, खिरियाखेरात, खटकिया, सांकाकला देहरी, भमावद, बडा गॉव	30 गाँव यलो/42
3	गुना	सिन्ध	गोपालपुरा, उकावद, लहरघाट, महुखान, इमझरा	पाछी, सोढ़ा, पीपल्या
4	राघोगढ	पार्वती	हिंगोना, वृसंगपुरा,तूमनखेड़ी,जनकपुर,मोहोम्मदपुर	तेजाखेड़ी, खेराड़, बनियाटोड़ी, रघुनाथपुरा, कांदीखेड़ा
5	चाँचोडा	पार्वती	खेजडाकला, मालोनी, देवपुरा, घाटाखेडी,वापचाविक्रम,कंकरूआ,रामपुरा,बापचालहरिया, सांकाखुर्द,रायपुरा,नवलपुरा,बड़पुरा,मुसरेली	
6	आरोन	सिन्ध	बरोद,कुन्दोनी,देहरीकलाँ,देहरी खुर्द,भूतमढ़ी	
7	मकसूदनगढ	पार्वती	खेराड, बनियाटोडी, रघुनाथपुरा, कांदीखेडा,तेजाखेड़ी,हिंगोना	

वर्ष 2006 – 07 में जिले के 3 ग्राम बाढ़ से प्रभावित थे जहां एक व्यक्ति की मौत भी हो गई। लगभग 30 मकान आंशिक क्षतिग्रस्त हुए जिसका अनुमानित मूल्य 1 लाख था; 383000 रूपए की राहत राशि का वितरण किया गया। 5 लाख की सार्वजनिक संपत्ति नष्ट हो गई। वर्ष 2013–14 में जिले को अतिवृष्टि का सामना करना पड़ा जिसके कारण फसलों व संपत्तियों का काफी नुकसान हुआ।

तालिका 2.2

जिले के बाँधों का विवरण

क्र0	तहसील	परियोजना/बॉध संख्या	प्रभावित/संवेदनशील क्षेत्र
1	बमोरी	2	रंगपुरा, कुडका, बंदा
2	चाचोडा	2	खानपुरा, मेसपुरा
3	राघोगढ	2, (गोपीकृष्ण सागर,संजय सागर)	रूठियाई, पालिका

2.2.2. औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटना

जिला गुना में औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटना भी एक महत्वपूर्ण खतरे के रूप में विद्यमान है। जिले की राघौगढ एवं गुना तहसील औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटना के लिए सर्वाधिक संवेदनशील हैं। यद्यपि औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटना का कोई पूर्व इतिहास जिले में उपलब्ध नही है। गेल, आई0ओ0सी0एल0 एवं एन0एफ0एल0 जैसी बडी औद्योगिक इकाईयॉ जिले में विद्यमान हैं; इन औद्योगिक इकाईयों में खतरनाक गैसों/रसायनों जैसे अमोनिया, पेट्रोल, एल0पी0जी0 का भंडारण तथा परिवहन भी किया जाता है। समय–समय पर यहां कुछ छोटे–छोटे हादसे हुये भी हैं परंतु इकाई स्थित संसाधनों द्वारा उनका नियंत्रण किया जाता रहा है। इन औद्योगिक इकाईयों द्वारा ऑन साइड एवं ऑफ साइड प्लान का निर्माण किया गया है। औद्योकि आपदा की स्थिति में इस योजना में उल्लेखित बिन्दुओं का उपयोग किया जायेगा।



GONGDNYKHERI
KHAIRKHERABHURA
KARIYAHAT
KANJARPURA
SARWARPUR
BAMURIA
SOLAKHERI
BHADOURI
GOLAKHERI CHAK
BHADOURI CHAK
PHALID
BATAODAPAR
SONOTIA
UMARIA
GORA
MUNDIAKHERA
KOTRA
SOLAKHERI
SARSAWE
DEHRI
BALABHENT
CHAURAKHERI
KABULPURA
BHULAI
DAWATPURA
BRISANGAURA
RAJPURA
RAJNAKHEDI
RAGHUNATHPURA
RUTHAI
KANKATA
KHURAI
SHEKHPUR
KAKWASA
UDAIPUR
BIJAIPUR
PURANA RUTHAI
HARIPURA
AJRODA
TAIZPURA
PALAT
CHUNA BHATI
DOHAD
BADA GAON
SAKATPUR
LADPURA
PIPAL KHERI
PHATUKHERI
PAGARA
KHIRIA
BELKA
NFL FACTORY VIJAIPUR
TOWNSHIP
AMMONIA STORAGE
NAPHTHA STORAGE
IOCL
BOTTLING PLANT
PIPALIA SARHAD
PADARKHERI
PURENA
BANDRUWA
ROAD
TELNI
GANESHPURA KATAR
BAURKHEDA
PURENI
HARIPURA CHAK
BIRDI
DORANA
SEMAL KHEDI
KOLUWA
BISHANPURA
GAIL COMP. STN.
GAIL PLANT
GAIL TOWN SHIP
MADNER
KHEJRA RAMA
DEVGARH
GADARWALA
KHATIWARA
NURPURA
MALIATORI
TUMANKHERI
KISHANPURA
BARKHEDI
LAXMIPURA
CHAKTUMANKHERI
BHARSULA
LAMAKHERA CHAK
AHIRKHEDI
AHMADPUR
RAGHOGARH
BHAINSANA
BIDORIA
KORIPURA
RAMPUR
LAMAKHERA
MOHANPUR
SIRIPUR
CHHOLIA
GANESHPURA
BHOLAPUR
GULWADA
TURIDABEH
BADARPUR
BAHUKHERI
KABIRPURA
KARHAIYA
PARBATI RIVER
KOTA RAILWAY LINE
GUNA RAILWAY LINE
GUNA
NH3
KANCHANPUR
KHUDAPUNCH
ROAD
RAGHOGARH ROAD
N
77° 5'
77° 10'
77° 15'
24° 30'
24° 35'
24° 25'
77° 0'
M/S NFL VIJAIPUR
SITE MAP FOR NFL, GAIL & IOCL AT VIJAIPUR
PROJECTS & DEVELOPMENT INDIA LIMITED SINDRI

तालिका 2.3

औद्योगिक इकाई एन0एफ0एल, गेल एवं आई0ओ0सी0एल प्रभावित ग्रामों की सूची

(लगभग 05 किमी. का क्षेत्र)

क्र0	क्षेत्र का नाम	प्रभावित जनसंख्या
ग्रामीण		
1.	पलिका बाजार	3300
2.	भुलाय	618
3.	बिरसंगपुर	356
4.	चेनपुरा	400
5.	खयरिया	600
6.	अजरोडा	629
7.	दौराना	1934
8.	करमखेडी	2382
9.	भयसाना	977
10.	एन0एफ0एल0	4478
11.	बोरीखेडा मुरालीपुरा	900
12.	बडौदी	1389
13.	विजयपुर ग्राम	2667
14.	बुघारखेडी	800
15.	भोलापुरा	369
16.	डोंगर	2297
17.	रूठियाई	7661
18.	बिसनपुर	0
19.	अहिरखेडा	499
20.	रघुनाथपुरा	323
21.	बेलका	758
22.	सकतपुर	886
23.	फातुखेरी	185
24.	तुमनखेरी	226
25.	चक तुमनखेरी (जनकपुर)	139
26.	सीतापुरा	306
27.	इकोदिया	306
शहरी		
28.	वार्ड नं. 12 (बरखेरी, बगनोलखा, नूरपुरा, भरसुला)	1186
29.	वार्ड नं. 13 (अहमदपुर, भूमराखेरी, बहादुरगढ़, चैनपुरा, रसरमपुरा)	1877
30.	वार्ड नं. 14 (साधा कालोनी, खिरिया सराई, कोलुआ)	2242
31.	वार्ड नं. 21 (पाडरखेरी, लदपुरा, भवरीखेरा, (मंदिर आश्रम), चूना भट्टी (गिदिया))	1947

2.2.3 सडक दुर्घटना

जिला गुना से आगरा मुम्बई राष्टीय राजमार्ग गुजरता है, जिसकी कुल दूरी लगभग 125 किमी0 है। जिससे 03 तहसीलें गुना, राघोगढ, चाँचोडा सर्वाधिक संवेदनशील हैं। इस राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर 19 ऐसे स्थल चिन्हित किये गये हैं, जो सर्वाधिक संवेदनशील हैं एवं जहाँ सर्वाधिक दुर्घटनायें होती है। जिले में प्रत्येक वर्ष सड़क दुर्घटना के कारण औसतन 156 व्यक्तियों की मृत्यु हो जाती है। प्रत्येक दिन 5–6 केस अस्पताल में आते हैं। विगत वर्षों में घटित दुर्घनाओं का विवरण निम्नवत है–

तालिका 2.4

सड़क दुर्घटना

क्र0	वर्ष	दुर्घटनाओं की संख्या	घायल	मृत
1	2003	627	783	110
2	2004	620	590	119
3	2005	570	659	138
4	2006	658	761	121
5	2007	782	887	172
6	2008	757	1140	188
7	2009	840	1217	225
8	2010	763	1122	176

स्त्रोतः जिला संख्यिकी पुस्तिका, गुना, 2008; पुलिस अधीक्षक गुना

2.2.4 रसायनों का परिवहन एवं संग्रहण

जिला गुना में रसायनों का परिवहन एवं संग्रहण भी एक प्रमुख खतरे के रूप में चिन्हित किया गया है। जिले से गुजरने वाले प्रमुख मार्गों से खतरनाक रसायनों का परिवहन होता रहता है। अतः यहॉ पर रसायनिक आपदा का खतरा विद्यमान है। यद्यपि जिले में अभी तक किसी बडी रसायनिक दुर्घटना की सूचना नही है।

2.2.5 सूखा

यहॉ पर सूखे की स्थिति भी बढती जा रही है कुछ बडी बडी नदियों को छोडकर ज्यादातर नदियों में पानी गर्मी आने के पहले ही सूख जाता है जिससे खेती के लिये एवं जिले के ज्यादातर हिस्से में पीने के पानी की समस्या आ जाती है। जिले का लगभग सम्पूर्ण भाग सूखे से प्रभावित होता है। सूखे से चाँचोडा तहसील प्रमुख रूप से प्रभावित होती है।

2.2.6. भूकम्प

भूगर्भीय विश्लेषण के अनुसार जिला गुना सिसमिक जोन–2 में स्थित है अतः भूकम्प का खतरा जिला गुना में विद्यमान है।



मानचित्र कमांक 1.1 : मध्यप्रदेश के भूकंप संवेदनशील क्षेत्र

गुना जिले में बहुत सी जगहों पर धार्मिक एवं अन्य मेलों का आयोजन किया जाता है जिसमें कई स्थानों पर हजारों की संख्या में जन समुदाय एकत्र होता हैं अतः इन स्थलों पर मेला से सम्बंधित होने वाले हादसों का खतरा बना रहता है। जिले में मेला एवं धार्मिक उत्सवों से सम्बंधित संवेदनशील क्षेत्रों का विवरण निम्नवत् है–

तालिका 2.5

मेला एवं धार्मिक उत्सवों से सम्बंधित संवेदनशील क्षेत्र

क्र0	तहसील	संवेदनशील मेला क्षेत्र
1	गुना	**गोपालपुरा, रावण दहन** दशहरा के समय 25–30 हजार की भीड
		हनुमान टेकरी, बूढे बालाजी हनुमान जयंती अप्रैल माह में 25–30 हजार की भीड
		केदारनाथ का मेला 20–30 हजार की भीड
		बीसभुजा देवी मंदिर मे मेला 20–30 हजार की भीड
		मीना बाजार, प्रताप छात्रावास,गुना –मई एवं जून
		नवरात्रि उत्सव – संपूर्ण गुना
2	कुंभराज	**कुंभराज का पशु मेला** 5–10 हजार की भीड

मेलों के लिए विस्तृत आपदा प्रबंधन योजना पृथक् रूप से तैयार की गई है।

2.2.8 आग

अ – घरेलू आग – जिला गुना में घरेलू आग को भी एक प्रमुख खतरे के रूप में चिन्हित किया गया है। जिले के आरोन तहसील में आगजनी की घटना हुई थी जिसमें काफी क्षति हुई थी।

ब – जंगल की आग – जिला गुना में जंगल की आग को भी एक प्रमुख खतरे के रूप में चिन्हित किया गया है।

तालिका 2.6

जंगल की आग	
सर्वाधिक प्रभावित तहसील	आंशिक प्रभावित तहसील
1. बम्होरी 2. चाँचौड 3. राघौगढ 4. आरोन	1. गुना 2. कुंभराज 3. मकसूदनगढ

2.2.9 खदान सम्बंधी दुर्घटनायें

जिला गुना में खदान सम्बंधी दुर्घटनाओं को भी एक प्रमुख खतरे के रूप में चिन्हित किया गया है। जिले की गुना तहसील में सर्वाधिक खदानें मौजूद हैं।

2.2.10 रेल दुर्घटनायें

जिला गुना में रेल दुर्घटना को भी एक प्रमुख खतरे के रूप में चिन्हित किया गया है। यहॉ पर रेल से सम्बधित कई हादसे हुये हैं जिनमें प्रमुख रूप से 10 वर्ष पूर्व धरनावदा एवं राजस्थान बार्डर पर जबरदस्त हादसा हुआ था। गुना शहर में कैंट क्रासिंग पर बस एवं रेल का टक्कर हुआ था। जिला गुना में रेल मार्ग मुख्यतः तहसील गुना, चाँचोडा, राघौगढ से गुजरती है।

2.2.11 महामारी

जिला गुना में महामारी को भी एक प्रमुख खतरे के रूप में चिन्हित किया गया है।

2.2.12 ओलावृष्टि

वर्ष 2005 – 06 में 2 तहसीलों के 20 ग्रामों में लगभग 2000 हेक्टर क्षेत्र की 2005 मिलियन टन फसल की हानि हुई जिसकी अनुमानित लागत 60.8 लाख रू. आंकी गई। इस ओलावृष्टि के कारण 2 व्यक्तियों एवं 1 मवेशी की मौत हो गई। 2013–14 में भी ओलावृष्टि द्वारा जिले का कुछ क्षेत्र प्रभावित हुआ था।

2.3 जिले में उपलब्ध मानव संसाधन, मशीन, सामग्री

किसी भी आपदा के समय प्रभावी अनुक्रिया तभी संभव हो सकती है जब कि आपदा का सामना करने के लिए आवश्यक मानव संसाधन, मशीनरी तथा अन्य आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो।

जिला गुना में बाढ आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुये किये विश्लेषण के दौरान उपलब्ध संसाधनों का विवरण निम्नवत है –

तालिका 2.7

जिला गुना में बाढ के संदर्भ में उपलब्ध संसाधनों का विवरण

क्र0	संसाधन	संख्या
1.	मोटर बोट फायवर	1 कलेक्टोरेट की इन्जन मरम्मत योग्य नही अतः उपयोग योग्य नही
2	चप्पू नांव	03 पुलिस विभाग की लगभग 20 वर्ष पुरानी योग्य नही
3	एक्सटेन्शन लेडर	02 विभागीय
4	सीडी लोहा एंगल	01 विभागीय
5	स्टेचर	03 विभागीय
6	फावड़ा	05 विभागीय
7	तगाड़ी	05 विभागीय
8	हथोड़ा	01 विभागीय
9	सब्बल	01 विभागीय
10	आरी	01 विभागीय
11	फायर फायटिंग चप्पा	01 विभागीय
12	विलाई	01 विभागीय
13	मेगाफोन	01 विभागीय
4	लाइफ जेकेट	कुल 81, विभागीय 59,कलेक्टोरेट की 22

5	लाइफ वाय गोल रिंग	कुल 59, विभागीय 40 कलेक्टोरेट की 19
6	ड्रम	04 कलेक्टोरेट के
7	रस्सा सन 2	कुल 07,कलेक्टोरेट के पुराने उपयोग नही
8	रस्सा सन 11/2	10 कलेक्टोरेट के पुराने उपयोग नही
8	बल्ली	400 वन विभाग
10	तैराक	24 होम गार्ड

जिला गुना में उपलब्ध संसाधनो का विश्लेषण किया गया है जिसके अन्तर्गत जिले में उपलब्ध मानव संसाधन, मशीनरी जैसे कटिंग मशीन, डोजर, डम्पर, एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन, सामग्री वाहन, उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाएं, प्रशिक्षित पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों का विवरण विभिन्न विभागों के पास उपलब्ध मशीनरी एवं संसाधन, जिले में उलपब्ध पेट्रोल पम्पों, दवाईयों की दुकानों की सूची, वाहनों का विवरण एवं आवश्यक विवरण अनुलग्नक में संलग्न है।

अध्याय–३

आपदा प्रबंधन–संस्थागत तंत्र

3.1 राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण

आपदा प्रबन्धन कानून 2005 के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसमें अध्यक्ष के अतिरिक्त कुल 9 सदस्य हैं। प्रधानमंत्री (पदेन) इस प्राधिकरण के अध्यक्ष हैं; तथा अन्य 9 सदस्यों को अध्यक्ष द्वारा नामित किया गया है।

3.2 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

मध्यप्रदेश में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन दिनांक 27 जनवरी 2006 को किया जा चुका है।

3.3 जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

आपदा प्रबंधन कानून, 2005 के अनुसार प्रत्येक जिले में ''जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण'' का गठन किया जाना है ? मध्य प्रदेश में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के गठन हेतु सचिव गृह (नोड्ल विभाग प्राकृतिक आपदाओं हेतु) द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के गठन हेतु दिनांक 05.09.2007 को एक अधिसूचना जारी की गई। जिसके अनुपालन में जिला गुना में जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण (देखें चित्र 3.A) का गठन किया गया है।

चित्र 3.A



3.3.1जिला प्राधिकरण की शक्तियाँ एवं कार्य

जिला प्राधिकरण आपदा प्रबंधन हेतु नियोजन, समन्वय एवं क्रियान्वयन का प्रमुख तंत्र होगा, तथा राष्ट्रीय तथा राज्य प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन से संबंधित समस्त गतिविधियों का संचालन करेगा। प्राधिकरण द्वारा बिना किसी भेदभाव के निम्न कार्य किये जायेंगे–

1 जिले के लिए अनुक्रिया सहित आपदा प्रबंधन योजना तैयार करना।

2 राष्ट्रीय नीति, राज्य नीति, राष्ट्रीय योजना, राज्य योजना क्रियान्वयन एवं समन्वय।

3 सुनिश्चित करना कि जिले संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हिकरण किया गया है तथा जिला स्तर पर कार्यरत समस्त विभागों, स्थानीय निकायों द्वारा आपदा रोकथाम एवं शमन हेतु उपाय किया गया है।

4 सुनिश्चित करना कि राष्ट्रीय एवं राज्य प्राधिकरण द्वारा आपदा रोकथाम, पूर्व तैयारी, शमन हेतु जारी निर्देशो का पालन जिला स्तर पर कार्यरत विभागो एवं स्थानीय निकायो द्वारा किया जा रहा है।

5 आपदा रोकथाम एवं शमन हेतु जिला स्तर पर कार्यरत विभागो एवं स्थानीय निकायो को दिशा निर्देश प्रदान करना।

6 आपदा प्रबंधन योजना हेतु जिला स्तर पर कार्यरत विभागो एवं स्थानीय प्राधिकरणों हेतु दिशा निर्देश निर्धारित करना।

7 जिला स्तर पर कार्यरत विभागो द्वारा तैयार आपदा प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन पर निगरानी।

8 जिला स्तर पर कार्यरत विभागो द्वारा जारी विकास योजनओं, परियोजनाओं में आपदा रोकथाम, शमन को एकीकृत करने हेतु दिशा निर्देश जारी करना।

9 जिला स्तर पर विभागो द्वारा क्रियान्वित विकास योजनाओं, परियोजनाओं मे आपदा रोकथाम एवं शमन में एकीकरण की निगरानी।

10 किसी भी आपदा अथवा आपदा स्थिति के दौरान आपदा अनुक्रिया हेतु जिले की क्षमता की समीक्षा तथा विभागो का आवश्यकतानुरूप क्षमता उन्नयन।

11 किसी भी आपदा की प्रभावी अनुक्रिया हेतु जिले के विभागो तथा प्राधिकरणो द्वारा किये गये पूर्व तैयारी की समीक्षा तथा प्रभावी अनुक्रिया हेतु पूर्व तैयारी को निर्धारित स्तर तक लाने में सहयोग।

12 जिले में कार्यरत विभिन्न स्तर के अधिकारियों, कर्मचारियो, स्वयंसेवको हेतु विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन एवं समन्वय।

13 स्थानीय प्राधिकरण, सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनो के सहयोग से आपदा रोकथाम एवं शमन हेतु समुदाय का प्रशिक्षण एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों का संयोजन।

14 जन समुदाय को पूर्व सूचना प्रेषित करने के लिए सूचना तंत्र की स्थापना, समीक्षा, एवं उन्नयन।

15 जिला स्तरीय अनुक्रिया योजना का निर्माण, समीक्षा एवं उन्नयन।

16 आपदा अथवा संभावित आपदा स्थिति में अनुक्रिया कार्य का समन्वय।

17 सुनिश्चित करना कि जिला स्तर पर कार्यरत विभागो एवं स्थानीय निकायो द्वारा जिला अनुक्रिया योजना के अनुसार अनुक्रिया योजना तैयार किया गया है।

18 जिला स्तर पर कार्यरत विभागो या अन्य निकायो को स्थानीय सीमाओं के अनुरूप अनुक्रिया योजना निर्माण हेतु दिशा निर्देश प्रदान करना।

19 जिले में आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों, स्थानीय निकायो, संवैधानिक निकायो, स्वयंसेवी संगठनो द्वारा संचालित गतिविधियों हेतु परामर्श, सहायत एवं समन्वय।

20 आपदा अथवा आपदा संभावित स्थति में स्थानीय निकायो द्वारा प्रभावी एवं त्वरित अनुक्रिया हेतु दिशा निर्देश एवं समन्वय प्रदान करना।

21 जिले में स्थानीय निकायो द्वारा किये जाने वाले कार्यो हेतु आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करना।

22 ऐसे स्थलो, इमारतों की पहचान जिनका आपदा या आपदा संभावित स्थिति में राहत शिविरों की तरह उपयोग किया जा सके, इन स्थानों पर जल आपूर्ति एवं नालीकरण, सफाई की पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित करना।

23 राहत एवं बचाव कार्य संबंधी सामग्री का स्टॉक निर्मित करना तथा पूर्व तैयारी इस प्रकार हो कि आवयश्यक सामग्री कम से कम समय में उपलब्ध हो जाए।

24 आपदा प्रबन्धन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी ''राज्य प्राधिकरण'' को देना।

25 ग्रामीण स्तर पर कार्य करने वाले स्वैच्छिक संगठनों व स्वयंसेवी संस्थाओं को आपदा प्रबंधन कार्य के लिए प्रोत्साहित करना।

26 सुनिश्चित करें कि संचार तंत्र सुचारू रूप से कार्य कर रहा है, साथ ही समय–समय पर आपदा प्रबंधन ''पूर्व अभ्यास'' करवाए जाए।

27 उपरोक्त के अलावा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त कार्य एवं अन्य कार्य जो जिला आपदा प्रबंधन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो।

3.3.2 जिला योजना

जिला प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय एवं राज्य प्राधिकरण से प्राप्त निर्देशों, स्थानीय निकायों से परामर्श एवं सहयोग से जिला योजना तैयार की गयी है। राज्य प्राधिकरण द्वारा स्वीकृति उपरान्त योजना लागू एवं क्रियान्वित की जायेगी।

3.4 स्थानीय निकायो द्वारा आपदा प्रबंधन

आपदा प्रबंधन कानून 2005 के धारा 32 के अनुसार जिले स्तर पर कार्यरत सभी विभागो (भारत सरकार व राज्य सरकार) तथा स्थानीय निकायो द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में आपदा प्रबंधन कार्य योजना विकसित की जायेगी। उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए जिला गुना में स्थानीय निकायो द्वारा आपदा प्रबंध प्राधिकरण की स्थापना की जायेगी। जिसका विवरण निम्नवत है।

3.4.1 नगर पंचायत/नगरपालिका : गुना जिले में कुल 03 नगर पंचायतें एवं 02 नगरपालिका हैं। प्रभावी आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक नगरपालिका एवं नगरपंचायत में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया जायेगा, जिसकी संरचना निम्नवत होगी : –

क्र0	प्दनाम	पदाधिकारी
1.	नगरपालिका अध्यक्ष (पदेन)	अध्यक्ष
2.	नगरपालिका उपाध्यक्ष	सहअध्यक्ष
3.	मुख्य नगरपालिका अधिकारी	सचिव
4.	नगर स्वास्थ्य अधिकारी	सदस्य
5.	मुख्य अभियंता भवन	सदस्य
6.	सर्वाधिक संवेदनशील वार्डो के 02 पार्षद (अध्यक्ष द्वारा नामांकित)	सदस्य

3.4.2 ग्राम पंचायत स्तर : जिला गुना में कुल 425 ग्राम पंचायतें है। प्रभावी आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन एवं क्रियाशीलता किया जायेगा। ग्राम पंचायत स्तर पर गठित किये जाने वाले प्राधिकरण का संरचना निम्नवत होगा : –

क्र0	प्दनाम	पदाधिकारी
1.	ग्राम सरपंच (पदेन)	अध्यक्ष
2.	उप सरपंच	सहअध्यक्ष
3.	सचिव पंचायत	सचिव
4.	पटवारी	सदस्य
5.	प्राधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय	सदस्य
6.	सर्वाधिक संवेदनशील वार्डो के 02 ग्राम पंचायत सदस्य (सरपंच द्वारा नामांकित)	सदस्य

नगर एवं ग्राम स्तर पर गठित प्राधिकरणों द्वारा किये जाने वाले प्रमखु कार्य निम्नवत होंगे : –

1. नियोजन
2. जागरूकता
3. प्रशिक्षण एवं क्षमता वृद्धि
4. आपदा पूर्व तैयारी एवं शमन
5. अनुक्रिया

उपरोक्त के तहत प्रभावी आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए नगर एवं ग्राम स्तर पर गठित प्राधिकरणों द्वारा किये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नवत है –

1. स्थानीय स्तर पर विद्यमान खतरों का चिन्हीकरण।
2. खतरों से संवेदनशील क्षेत्रों, परिवारों, समुदायों की पहचान, सूचीकरण एवं मानचित्रीकरण।
3. आपदा या आपदा संभावित परिस्थिति में प्रभावी अनुक्रिया हेतु उपलब्ध संसाधनों (मानव एवं मशीन) का विश्लेषण तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

4. मानव संसाधनों की क्षमता वृद्धि तथा मशीनी साधनों का उचित रखरखाव करना।

5. स्थानीय समुदाय को विभिन्न आपदाओं के आने अथवा संभावित स्थिति के समय ''क्या करें क्या न करें'' के संबंध में जानकारियां देना।

6. स्थानीय स्तर पर विभिन्न आपदाओं के संदर्भ में स्थानीय आपदा प्रबंधन योजना तैयार करना तथा उसे जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्रेषित करना एवं तैयार कार्य योजना को समय–समय पर (अधिकतम 1 वर्ष) अपडेट करना।

7. आवश्यकतानुसार परामर्श समीतियों का गठन करना।

8. किसी भी आपदा स्थिति में प्रभावी अनुक्रिया को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न प्रकार के दलों का गठन एवं प्रशिक्षण।

9. स्थानीय स्तर पर लागू विकास योजनाओं में संरचनात्मक एवं गैर संरचनात्मक आपदा प्रबंधन का संयोजन।

10. सभी प्राधिकृत संस्थाओं में आपदा निरोधक निर्माण की संस्कृति का प्रोत्साहन एवं विकास।

अध्याय ४

जिला गुना में आपदा रोकथाम हेतु आवश्यक तैयारी

आपदा प्रबंधन हेतु आवश्यक सामान्य पूर्व तैयारी

आपदा पूर्व तैयारी से आशय, किसी आपदा अथवा घटना के पूर्व लिये गये निर्णय एवं कार्य है। इसके अंतर्गत आपदाओं की पूर्व सूचना, जिला एवं समुदाय स्तर पर विभिन्न प्राधिकारियों, समुदायों, समूहों, वर्गो की क्षमताओं एवं कौशल का विकास शामिल है, जिससे आपदा के समय वे प्रभावी तरीके से आपदा का सामना एवं अनुक्रिया कर सके। आपदा तैयारी एक निरंतर एवं समेकित प्रक्रिया है। जिला गुना में आपदा पूर्व सामान्य तैयारी में निम्नलिखित गतिविधियॉ की जायेंगी।

1. जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन एवं क्रियाशीलता।
2. प्रभावी अनुक्रिया हेतु समुदाय स्तर पर क्षमता वृद्धि।
3. चेतावनी तन्त्र प्रक्रिया का विकास एवं निरन्तर जॉच विशेषतः बाढ़, सूखा इत्यादि हेतु।
4. अनुक्रिया हेतु टीमों का गठन।
5. चिन्हित खतरों का निरंतर समीक्षा एवं उन्नयन।
6. सम्भावित खतरों से संवेदनशील जनसंख्या, परिवारों का निरंतर समीक्षा एवं उन्नयन।
7. संवेदनशील क्षेत्रों में निवास करने वाले परिवारों तथा समुदाय का क्षमता निर्माण।
8. चिन्हित संसाधनों का निरंतर समीक्षा एवं उन्नयन।
9. अनुक्रिया हेतु गठित दलों का कार्य अनुरूप प्रशिक्षण।
10. समुदाय आधारित आपदा प्रबन्ध योजना का प्रोत्साहन एवं विकास।
11. आपदा सहायता नम्बर की स्थापना।
12. पंचायत एवं स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों का अभिमुखीकरण एवं प्रशिक्षण।
13. आपात क्रिया केन्द्र की स्थापना एवं क्रियान्वयन।

14. जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकरियों का प्रशिक्षण।

15. जिला आपदा प्रबंधन योजना की समीक्षा एवं उन्नयन।

16. मनोवैज्ञानिक सहायता हेतु पैशेवरो की पहचान एवं प्रशिक्षण।

17. आपदा के दौरान बाल संरक्षण हेतु विशिष्ट कार्यशालाओं का आयोजन।

18. चिन्हित खतरों से सम्बंधित अवास्तविक अभ्यासों का अयोजन।

19. प्रभावी अनुक्रिया हेतु मानक संगठनात्मक व्यवस्था एवं क्रियान्वयन योजना तैयार करना।

1. जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन एवं क्रियाशीलता–

आपदा प्रबन्धन कानून 2005 के अनुरूप जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण का गठन किया जा चुका है। प्राधिकरण द्वारा किये जाने वाले कार्य। (विस्तृत विवरण अध्याय–3 में वर्णित है)।

2. प्रभावी अनुक्रिया हेतु समुदाय स्तर पर क्षमता वृद्धि–

आपदाओं का प्रभावी तरीके से सामना करने के लिए अतिसंवेदनील समुदाय की क्षमता, कौशल वृद्धि हेतु कार्य योजना विकसित एवं लागू की जायेगी तथा आपदा प्रबंधन के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स तैयार कर ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। केबल आपरेटरों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विभिन्न आपदाओं से **बचाव** एवं आपदाओं के दौरान **क्या करें क्या न करें** विषयक सूचनायें प्रसारित की जायेगी।

3 चेतावनी तन्त्र प्रक्रिया का विकास एवं निरन्तर जाँच विशेषतः बाढ़, सूखा इत्यादि हेतु–

जिला गुना में चिहिन्त खतरों के विषय में प्रभावी पूर्व सूचना हेतु तंत्र की स्थापना, विकास एवं निरन्तर जॉच हेतु आवश्यक कार्य योजना विकसित एवं लागू की जायेगी। ग्राम स्तर पर ग्राम सभा की बैठकों में चिन्हित खतरों से रोकथाम, बचाव

के विषय में चर्चा की जायेगी। ग्राम कोटवार द्वारा समय समय पर आवश्यक सूचनाये प्रसारित की जायेगी। इस कार्य मे राजस्व एवं पुलिस विभाग से आवश्यक सहायता प्राप्त की जायेगी।

4 **अनुक्रिया हेतु टीमों का गठन –**

जिले मे आयोजित किये गये जिलास्तरीय परामर्श कार्यशालाओं के दौरान कलेक्टर एवं जिलास्तरीय अधिकारियों से चर्चा तथा उपलब्ध मानव संसाधन को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी अनुक्रिया हेतु दस प्रकार के दलों का गठन किया गया है। (विस्तृत विवरण हेतु देखें अध्याय–6)

5 चिन्हित खतरों का निरंतर समीक्षा एवं उन्नयन–

किसी भी आपदा के समय न्यूनतम क्षति उस स्थिति मे होगी। जबकि जिले में विद्यमान खतरों के विषय में प्रशासन एवं जन समुदाय अवगत हो। उपरोक्त को दृष्टिगत रखते जिला गुना में परामर्श कार्यशालाओं के माध्यम से प्रमुख खतरों तथा उन खतरों से संवेदनशील क्षेत्रों, जनसंख्या का चिन्हिकरण किया गया है। (विस्तृत विवरण हेतु देखें अध्याय–2)

6 खतरों से संवेदनशील जनसंख्या, परिवारों का निरंतर समीक्षा एवं उन्नयन–

जिला गुना में चिन्हित खतरों से सर्वाधिक प्रभावित होने वाले परिवारों का तहसीलवार चिन्हीकरण किया जायेगा। इस कार्य को प्रभावी तरीके से पूर्ण करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एक कार्य योजना विकसित एवं लागू की जायेगी। खतरो से संवेदनशील जनसंख्या, परिवारो का वार्षिक समीक्षा एवं उन्नयन (अपडेडिंग) किया जायेगा।

7. संवेदनशील क्षेत्रों में निवास करने वाले परिवारों तथा समुदाय का क्षमता निर्माण–

संवेदनशील क्षेत्रों में निवास करने वाले चिन्हित परिवारो का सशक्तिकरण जानकारी, जागरूकता, कौशल वृद्धि एवं प्रशिक्षण के माध्यम से किया जायेगा। इस हेतु जिला स्तर पर एक कार्य योजना विकसित एवं लागू की जायेगी।

8 चिन्हित संसाधनों का निरंतर समीक्षा एवं उन्नयन–

जिले में उपलब्ध संसाधनों (मानव एवं भौतिक) की सूची तहसीलवार तैयार की जायेगी तथा संसाधनो में निम्नलिखित को आवश्यक रूप से शामिल किया जायेगा। तैयार सूची की समय समय पर (वार्षिक) समीक्षा एवं उन्नयन (अपडेट) किया जायेगा।

1. मानव संसाधन

   अ) प्रशिक्षित

   ब) अप्रशिक्षित

2. आश्रय स्थल क्षमता सहित

3. उपकरण – प्रकार, संख्या, इत्यादि विवरण सहित

9. अनुक्रिया हेतु गठित दलों का कार्य अनुरूप प्रशिक्षण–

प्रभावी अनुक्रिया हेतु गठित दलो का उनके कार्य प्रकृति के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक दल द्वारा प्रभावी अनुक्रिया में उपयोग किये जाने वाले मुख्य सामग्री की सूची भी निर्मित की जायेगी।

10. समुदाय आधारित आपदा प्रबन्धन कार्य योजना का प्रोत्साहित एवं विकास–

समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन कार्य योजना को प्रोत्साहित किया जायेगा। जिले में आपदा प्रबंधन हेतु कार्यरत स्वयंसेवी संगठनों को प्रोत्साहित किया जायेगा। जिले में विभिन्न खतरों से संवेदनशील गांवो में प्राथमिकता के आधार पर समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन कार्य योजना विकसित की जायेगी। समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन योजना अंतर्गत निम्न तत्वों को आवश्यक रूप से शामिल किया जायेगा।

11. आपदा सहायता नम्बर की स्थापना

विभिन्न आपदाओं के रोकथाम, अनुक्रिया के दृष्टिगत जिले स्तर पर एक आपदा दूरभाष नम्बर आबंटित किया जायेगा, यह नम्बर 24 घण्टे एवं 7 दिन कार्य करेगा। किसी भी प्रकार की दुर्घटना, आपदा की सूचना इस नम्बर पर प्रदान की जा सकती हैं यह नम्बर निःशुल्क होगा, तथा इस नम्बर के प्रभावी उपयोग हेतु आवश्यक प्रचार प्रसार जिला सूचना अधिकारी द्वारा केवल नेटवर्क एवं समाचार पत्रों के माध्यम से किया जायेगा।

10.1 ग्राम आपदा प्रबन्धन समिति का गठन एवं क्रियाशीलता

10.2 ग्राम स्तर पर विद्यमान जोखिमो एवं पूर्व आपदाओं का विश्लेषण।

10.3 मौसमी आपदा कलेण्डर

10.4 मानचित्र एवं नक्शा निरूपण

(क) संसाधन मानचित्र

(ख) जोखिम मानचित्र

10.5 ग्राम आपदा प्रबन्धन दलो का गठन एवं सशक्तिकरण

1. पूर्व सूचना दल
2. खोज एवं बचाव दल
3. प्राथमिक चिकित्सा दल
4. आश्रय प्रबन्धन दल
5. कचरे कूडे, मृत पशुओं का निस्तारण दल
6. पानी एवं सफाई व्यवस्था दल

10.6 अवास्तविक अभ्यास

10.7 जन–जागरूकता

(इस कार्य हेतु आपदा प्रबंध संस्थान, भोपाल द्वारा विकसित मैनुअल का उपयोग किया जा सकता है।)

12. पंचायत एवं स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों का अभिमुखीकरण एवं प्रशिक्षण–

जिला गुना में आपदा प्रबन्धन रोकथाम, पूर्व तैयारी, शमन एवं अनुक्रिया को ध्यान में रखते हुए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पंचायत सदस्यों, संरपच, पंच, एवं पार्षदो आदि को आपदा प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। आपदा प्रबन्धन को जिला पंचायत की कार्यसूची में शामिल किया जायेगा, जिससे जिला पंचायत की प्रत्येक बैठक के दौरान आपदा प्रबन्धन रोकथाम, तैयारी के विषय में भी प्रभावी चर्चा की जा सके। जिला पंचायत द्वारा कराये जाने वाले सभी विकासात्मक कार्य आपदा शमन को सम्मिलित करते हुए किये जायेंगे।

13 आपात क्रिया केंद्र की स्थापना एवं कियान्वयन–

गुना जिला मुख्यालय में एक आपात क्रिया केन्द्र की स्थापना की जाएगी। यह राजस्व कन्ट्रोल रूम के अतिरिक्त व्यवस्था होगी। यह केन्द्र समुचित मानव शक्ति एवं अत्याधुनिक उपकरणों सहित 24 घण्टे क्रियाशील होगा। इस केन्द्र में उपलब्ध उपकरणों का उपयोग केवल आपदा प्रबन्धन हेतु किया जाएगा। यहॉ संचार के अत्याधुनिक सभी साधन (फोन, ई–मेंल, वायरलेस आदि) होंगे।

13.1 सामान्य काल में आपात क्रिया केन्द्र के कार्य : कलेक्टर द्वारा किसी प्रशासनिक अधिकारी को आपात क्रिया केन्द्र का प्रभारी अधिकारी को नियुक्त किया जायेगा। सामान्य काल में आपात क्रिया केन्द्र के कार्य निम्न प्रकार होंगे।

1. सुनिश्चित करना कि सभी उपकरण सही प्रकार से कार्य कर रहे है।
2. आपदा प्रबंधन के लिए सहयोगी विभागो से नियमित रूप से आंकड़ो का संकलन, समीक्षा एवं उन्नयन।
3. जिले में आपदा रोकथाम पूर्व तैयारी एवं शमन स्थिति कि रिपोर्ट तैयार करना।
4. सुनिश्चित करना कि जिला आपदा प्रबंधन योजना को ठीक प्रकार से लागू किया गया है।
5. आपदा की सूचना/या आपदा स्थिति उत्पन्न होने पर **"ट्रिगर मेकेनिज्म"** को क्रियाशील करना।

13.2 आपदा काल में आपात क्रिया केन्द्र के कार्य :

किसी भी आपदा अथवा आपदा संभावित स्थिति की सही तथा समय पर पूर्व सूचना एवं चेतावनी सभी विभागों एवं आम जनता को समय पर प्रदत्त करना। पूर्व सूचना निम्नांकित को भी आवश्यक रूप से प्रदत्त की जायेगी : –

1. राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण को।
2. संभागीय कमिश्नर कार्यालय को।
3. आपदा प्रबंध प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्यो को।
4. आपदा अनुक्रिया दलों को।

5. स्वास्थ्य विभाग एव अस्पतालों को।

6. पड़ोसी जिलों के आपात क्रिया केन्द्रों को।

आपदा काल में बेहतर संयोजन एवं सहयोग के लिए राज्य आपात क्रिया केन्द्र तथा जिला आपात क्रिया केन्द्र के बीच लगातार संचार स्थापित किया जायेगा।

13.3 आपदा स्थल पर आपात क्रिया केन्द्र

घटना स्थल पर आपात क्रिया केन्द्र, जिला आपात क्रिया केन्द्र के सहयोगी के रूप में कार्य करेगा। चूंकि यह आपदा स्थल के समीपस्थ बनाया जाता है, अतः खोज एवं बचाव, राहत आदि कार्यो को यहीं से संचालित किया जायेगा। एस0डी0एम0 स्तर का अधिकारी इसका नोडल अधिकारी होगा। आपदा स्थल आपात क्रिया केन्द्र केवल आपदाकाल में ही क्रियाशील होगें, परन्तु इनके संदर्भ में प्रत्येक नोडल अधिकारी द्वारा एक आधारभूत कार्ययोजना का प्रारूप पहले से ही तैयार रखना होगा। नोडल अधिकारी को आपदा स्थल पर सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का नियंत्रण व निर्देशन करना होगा साथ ही साथ संबंधित जिला आपात क्रिया केन्द्र से प्राप्त निर्देशो का पालन भी करना होगा।

14. जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण–

किसी भी आपदा के समय जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा बेहतर अनुक्रिया तभी संभव है जब उन अधिकारियों को आपदा के विषय में आधारभूत जानकारी

क्र0	प्रतिभागी	विभाग	संसाधन / सहयोगी विभाग	आवृत्ति
1	जिले स्तरीय अधिकारी।	जिले के समस्त प्रमुख विभाग।	आपदा प्रबन्ध संस्थान भोपाल।	वार्षिक
2.	तहसील स्तरीय अधिकारी।	तहसील के समस्त महत्वपूर्ण विभागो।	आपदा प्रबन्ध संस्थान भोपाल द्वारा प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा	वार्षिक

एवं प्रशिक्षण प्राप्त हो। उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए गुना में जिले तथा तहसील में कार्यरत समस्त अधिकारियों का एक दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

15 जिला आपदा प्रबंधन योजना की समीक्षा एवं अद्यतन (अपडेट) –

कार्य योजना के निरंतर समीक्षा एवं इसे अद्यतन करने हेतु आपदा प्रबंध प्राधिकरण की छमाही बैठक की जायेगी। इन बैठको में जिले के समस्त महत्वपूर्ण विभागो के अधिकारियों द्वारा भागीदारी की जायेगी। प्रथम बैठक माह मई में आयोजित की जायेगी उसमें आपदा प्रबन्धन योजना की समीक्षा एवं अद्यतन (अपडेटिंग) किया जायेगा। द्वितीय बैठक माह नवम्बर में आयोजित की जायेगी। इसमे आपदा प्रबन्धन योजना की समीक्षा एवं अद्यतन साथ ही साथ किये गये कार्यो, अनुभवो, कमियो इत्यादि पर चर्चा की जायेगी तथा प्राप्त सुझावों के अनुरूप जिले की आपदा प्रबन्धन कार्य योजना में आवश्यक एवं वांछित परिवर्तन किया जायेगा। उपरोक्त बैठकों की अध्यक्षता कलेक्टर (अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण) द्वारा की जायेगी।

किसी भी आपदा के दौरान की गई अनुक्रिया की विस्तृत रिपोर्ट जिला आपदा प्रबन्धन कार्य योजना में आवश्यक रूप से संलग्न की जायेगी।

16. मनोवैज्ञानिक सहायता हेतु पैशेवरो की पहचान एवं प्रशिक्षण–किसी भी आपदा के उपरान्त मनोवैज्ञानिक एवं मानसिक समस्याओं के मरीजों को उचित परामर्श सेवाएं प्रदान करने हेतु पैशेवरों की पहचान एवं प्रशिक्षण आयोजित किये जायेंगे। जिले में उपलब्ध मानसिक रोग विशेषज्ञों, मनोचिकित्सकों तथा इस कार्य मे संलग्न संस्थाओं की सूची तैयार की जायेगी।

17. आपदा के दौरान बाल संरक्षण हेतु विशिष्ट कार्यशालाओं का आयोजन–

किसी आपदा का प्रभाव कुछ विशेष समूहों जैसे– बच्चो, महिलाओं, बूढ़ो, अशक्त इत्यादि पर सर्वाधिक पड़ता है। अनुक्रिया कार्य मे बाल संरक्षण को एकीकृत करने हेतु समय समय पर विशिष्ट कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा।

18. चिन्हित खतरों से सम्बंधित अवास्तविक अभ्यासों का संयोजन–

किसी भी आपात स्थिति, आपदा के समय जिले, तहसील स्तर पर गठित विभिन्न दल अपने कार्यो को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कर सके इस हेतु समय–समय पर अवास्तविक अभ्यास आयोजित किये जायेंगे। ये अवास्तविक अभ्यास जिले में चिन्हित खतरो को ध्यान में रखते हुए आयोजित किये जायेंगे। अवास्तविक अभ्यास वर्ष में कम से कम दो बार आयोजित किये जायेंगे। अवास्तविक अभ्यासों की मॉनीटरिंग हेतु जिले तथा राज्य से पर्यवेक्षको को आमंत्रित किया जायेगा। प्रत्येक अवास्तविक अभ्यास के उपरान्त मॉनीटरिंग दलों के सुझाव को शामिल करते हुए आगामी आवास्तविक अभ्यासों में संशोधन किया जायेगा।

19. जिला स्तर पर कार्यरत विभिन्न विभागों हेतु मानक संगठनात्मक व्यवस्था – जिले के प्रमुख विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नवत है–

स्वास्थ्य विभागः

निवारक गतिविधियॉ

- महामारी तथा अन्य खतरों के लिये संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हीकरण।
- परीक्षण प्रयोगशालाओं हेतु उपयुक्त स्थलों का चिन्हीकरण।
- गैर–सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के साथ तालमेल एवं सूचीकरण।
- बीमारी निगरानी पद्धति का सशक्तीकरण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला केन्द्र पर सूचनओं का साप्ताहिक आदान–प्रदान।

- किसी आपात स्थिति में सूचनओं का दैनिक आदान–प्रदान एवं विश्लेषण।
- प्रशिक्षित कार्मिको, परीक्षण सुविधा तथा आपात चिकित्सा हेतु सुसज्जित मोबाईल चिकित्सा यूनिटों की स्थापना।
- सम्भावित आपदा स्थलों पर आपात चिकित्सा कैम्पों के स्थापना हेतु स्थलों का चिन्हीकरण।
- विभिन्न संक्रांमक बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक प्रचार–प्रसार/जागरूकता एवं प्रशिक्षण।
- क्षेत्र स्तर पर कार्यरत पारम्परिक दाईयों, स्वयं सेवी संगठनों, तथा आधार भूत संगठनों के लिए प्राथमिक चिकित्सा विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, जिससे किसी भी आपदा अथवा आपदा उपरान्त महामारी को फैलने से रोका जा सके।
- सभी अस्पतालों में वैकल्पिक जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- उपलब्ध साधनों जीप/कार/वैन इत्यादि की सूची निर्माण तथा किसी भी आपदा के समय उपयोग किये जाने वाले वाहनों की यथोचित मरम्मत करवाना।

आपदा के पूर्व आवश्यक तैयारी

- आई0ई0सी0 संसाधनों का निर्माण एवं वितरण।
- ओ0आर0एस0 तथा अन्य जीवन रक्षक दवाईयों का वितरण।
- बाढ़ तथा लू के दौरान किये जाने वाले प्रभावी उपचार हेतु कर्मचारियों का प्रशिक्षण।
- आवश्यक दवाओं का ऑकलन एवं संग्रहण।
- संवेदनशील एवं रणनीतिक स्थलों पर मोबाईल यूनिटों की (तैनाती)

अनुक्रिया के दौरान

- संवेदनशील स्थलों पर जीवन रक्षक एवं अन्य महत्वपूर्ण दवाईयों की व्यवस्था करना।
- दवा आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था का सृदीणीकरण।
- आपदा स्थलों पर अनुक्रिया कार्य का अवलोकन एवं सशक्तीकरण।
- आपदा स्थलों पर पर्याप्त कर्मचारी/डाक्टरों की उपस्थिती सुनिश्चित करना।
- बचाव कार्य एवं प्रक्रिया का निरन्तर पुनरीक्षण तथा कार्य में लगे डाक्टरों/अन्य स्टॉफ का निरन्तर पुनरीक्षण।
- स्वच्छता हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिशचित करना।
- विभिन्न स्तर के आपदाओं के दौरान होने वाली मौतों के विषय में प्रशासन/परिवार की सहमति से पोस्टमार्टम कार्य सुनिश्चित करना।
- पीने के का शृद्धिकरण।
- संक्रांमक बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण करवाना।
- सूचनाओं के प्रभावी आदान–प्रदान हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करना।

पुनः प्राप्ति हेतु गतिविधियॉ

- बीमारियों के व्यापकता पर निरन्तर मानीटरिंग।
- निरन्तर चिकित्सा एवं स्थिति नियन्त्रण तक गतिविधियों के निरन्तर संचालन हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- सदमा/आघात काउन्सलिंग
- चिकित्सा एवं घायलों/विकलांगों के समाजिक चिकित्सकीय पुर्नवास हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- आपदा से प्रभावित व्यक्तियों/विकलांगों के पुर्नवास हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करना।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

निवारक गतिविधियॉ

- सभी निवासियों/समुदायों/बस्तियों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- नाली/नालों की साफ–सफाई सुनिश्चित करना, विशेषकर नगरों में

आपदाओं से बचाव हेतु आवश्यक तैयारी

- पानी के संग्रहण एवं वितरण हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी के टेंकरों की व्यवस्था पूर्व में ही सुनिश्चित करना।
- वैकल्पिक व्यवस्था अन्तर्गत जनरेटरों की व्यवस्था पूर्व में ही सुनिश्चित करना।
- राहत स्थल के रूप में उपयोग किये जाने वाले स्थलों तथा आपदाओं हेतु संभावित एवं संवेदनशील स्थलों हेतु पानी तथा क्लोरीन की गोलियों का आवश्यक संग्रहण।
- ट्यूबवेलों के प्लेटफार्मो का उच्चीकरण। स्वच्छता हेतु बनाये गये संरचनाओं का विकास जिससे अगले आपदा के समय नुकसान को कम से कम किया जा सके।

अनुक्रिया गतिविधियॉ

- जल स्त्रोतों का शुद्धीकरण तथा लगातार निगरानी।
- अस्पतालों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- आपात स्थिति में पानी वितरण हेतु।
- ट्यूबवेल तथा अन्य पानी के स्त्रोतों को चालू करने के लिए आपात सहायता उपकरण की व्यवस्था तथा वितरण।
- क्षतिग्रस्त पानी के स्त्रोतें हेतु आपात निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करना।

- समुदाय द्वारा हेण्ड पम्पों को विषाणु रहित करने हेतु आवश्यक जानकारी तथा सामग्री उपलब्ध कराना।

पुनःप्राप्ति हेतु गतिविधियॉ

- संरचनाओं का मजबूतीकरण, पुनःमूल्यांकन।
- प्राप्त अनुभवों तथा सीख का आदान–प्रदान तथा दस्तावेजीकरण।
- कर्मचारियों का प्रशिक्षण।
- चेकलिस्ट तथा आकस्मिकता कार्य योजना का निर्माण

पुलिस विभाग

निवारक गतिविधियॉ

- खोज एवं बचाव, स्थल खाली करना तथा अन्य आपात गतिविधियों हेतु फोर्स को निरन्तर तैयार रखना तथा समय–समय पर अवास्तविक अभ्यास आयोजित करना।
- आधुनिक उपकरणों की प्राप्ति तथा तैनाती, वर्तमान उपकरणों का आधुनिकरण तथा आधुनिक उपकरणों के बेहतर उपयोग हेतु प्रशिक्षण।
- त्वरित कार्य बल का चक्रीय आधार पर पदस्थापना जिससे वे स्वस्थ एवं फिट रहे।
- सुनिश्चित करें कि संचार के सभी उपकरण वायरलेस निरन्तर कार्य करते रहे तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त वायरलेस की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
- जिला प्रशासन एवं आपदा अधिकारी के साथ आवश्यक तालमेल।

अनुक्रिया गतिविधियॉ

- अस्थायी राहत शिविरों तथा रास्ते में राहत सामग्री की सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबन्ध करना।
- जिला आपदा प्रबन्धन कक्ष में किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की तैनाती करना।

- संवेदनशील तट बन्धों तथा अन्य जोखिम स्थलों की सुरक्षा हेतु पुलिस बल की तैनाती।
- खोज बचाव तथा स्थल खाली कराने में जिला प्रशासन की आवश्यक सहायता।
- आपात यातायात प्रबन्धन।
- प्रभावित क्षेत्रों में नियम कानून का कड़ाई से अनुपालन।
- कालाबाजारी/जमाखोरी के विरूद्ध कार्यवाही में जिला प्रशासन की आवश्यक मद्द।

नागरिक सुरक्षा

निवारक गतिविधियॉ

- प्राथमिक चिकित्सा, खोज एवं बचाव स्थल खाली करना इत्यादि पर प्रशिक्षण का आयोजन करना।
- जिले के प्रमुख त्यौहारों/मेला इत्यादि के समय प्राथमिक चिकित्सा, खोज एवं बचाव तथा स्थल खाली कराने हेतु आवश्यक कार्य योजना विकसित करना।
- उपरोक्त कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निरन्तर अभ्यास तथा अवास्तविक अभ्यास का आयोजन करना।

अनुक्रिया गतिविधियॉ

- जनसमुदाय तथा अन्य संगठनों को खोज एवं बचाव प्राथमिक चिकित्सा इत्यादि पर आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
- राहत वितरण में एक सहयोगी संस्था के रूप में कार्य करना।
- आपात स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा तथा उपचार हेतु आवश्यक व्यवस्था करना।
- चिकित्सकीय दल के समन्वय तथा सहयोगी के रूप में कार्य करना।

- यातायात व्यवस्था/कानून व्यवस्था प्रबंधन मे पुलिस विभाग की आवश्यक मद्द करना।

अग्निशमन सेवायें

निवारक गतिविधियाँ

- अग्निशमन सुरक्षा हेतु बनाये गये कानूनों का कड़ाई से पालन हेतु आवश्यक कार्यवाही करना।
- अग्निशमन हेतु उपलब्ध संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण तथा आधुनिक उपकरणों की प्राप्ति करना।
- अग्नि हेतु संवेदनशील उद्योगों, क्षेत्रों का चिन्हीकरण करना। महत्वपूर्ण आयोजन जिनके दौरान आग की घटना हो सकती है का चिन्हीकरण। लोगों को सुरक्षा उपाय के प्रति जागरूक एवं गतिशील करना। अग्नि के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण, अवास्तविक अभ्यास के माध्यम से आवश्यक तैयारी करना।
- आग से निवारण/बचाव हेतु उपलब्ध विभिन्न पद्धतियों के विषय में लोगों को जागरूक एवं गतिशील करना।
- किसी आपात स्थिति में घटना के प्रबन्ध हेतु स्थानीय जनसमुदाय को प्रशिक्षित करना।
- अग्निरोधी तकनीकों के विषय में अभिमन्ताओं तथा राज मिस्त्रियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना।
- भवन का नक्शा बिना पर्याप्त अग्नि सुरक्षा उपायों के स्वीकृत न किया जाये।

अनुक्रिया गतिविधियाँ

- आग में फँसे व्यक्तियों, क्षतिग्रस्त भवनों, क्षतिग्रस्त वाहनों, ट्रेन, हवाई जहाज, उद्योगों, बॉयलर, तथा अन्य स्थानों पर फंसे व्यक्तियों का बचाव करना।

- आग का उचित नियन्त्रण करना तथा विस्फोट की स्थिति में नुकसान को कम से कम करना।
- गैस रिसाव, तथा खतरनाक तत्वों के गिर जाने, बह जाने की स्थिति में नियन्त्रण करना।
- आपात स्थिति में कार्यरत अन्य संस्थाओं की आवश्यक सहायता करना।
- आग के कारणों की छानबीन तथा नुकसान ऑकलन कार्य में आवश्यक सहयोग करना।

जनवितरण

निवारक गतिविधियाँ

- विशेष संवेदनशील स्थलों पर गोदाम निर्माण एवं मरम्मत करना।
- आपदा स्थिति का ध्यान रखते हुए आवश्यक सामग्री का संग्रहण करना।
- भण्डार किये गये आवश्यक सामग्री खराब न हो इस हेतु आवश्यक उपाय सुनिश्चित करना।

अनुक्रिया गतिविधियाँ

- प्राप्त संसाधनों/सामग्री का उपयुक्त रख–रखाव।
- सामग्री प्रेषण हेतु आवश्यक संसाधन सूची का निर्माण एवं प्रबन्धन।

पुनः प्राप्ति गतिविधियाँ

प्राप्त एवं सुरक्षित रखे गये सामग्रियों का समय–समय पर अन्य स्कीमों में उपयोग करते रहना। अन्यथा बहुत सी संचित सामग्री खराब हो सकती है। इसका कड़ाई से अनुपालन एवं जॉच हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार करना।

लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग

निवारक गतिविधियाँ

- जिले में उपलब्ध सरकारी एवं गैर–सरकारी संसाधनों जैसे सड़क साफ करने का वाहन, डोजर, डम्फर इत्यादि की सूची बनाना तथा आपात स्थिति में उपयोग की कार्य योजना विकसित करना।
- समय–समय पर जिले के प्रमुख सडकों/पुल तथा जन सामान्य सुविधाओं का निरीक्षण तथा मरम्म्त करना।

अनुक्रिया गतिविधियाँ

- सड़क सफाई तथा अन्य सड़कों से सम्पर्क स्थापित करना, टूटी सड़कों, पुलों की मरम्मत करना तथा शीघ्रातिशीघ्र यातायात व्यवस्था को बहाल करना।
- अवरूद्ध सड़कों पर साफ–सफाई हेतु समुदाय से मद्द प्राप्त करना।
- बड़े वाहन जो सामान एवं उपकरण लेकर आ रहे हैं। उनको गंतव्य तक पहुंचाने हेतु आवश्यक मद्द करना संवेदनशील/आपदा स्थलों पर वैकल्पिक रास्तों का चिन्हीकरण करना।
- गड्ढ़ों का भराव करना, मलवा सफाई तथा सड़क पर रास्ता अवरूद्ध करने वाले पेड़ो में आवश्यक कटाई करना।
- उपरोक्त कार्यों को सहजता से समपन्न कराने के लिए आवश्यक उपकरण का रख–रखाव तथा मरम्मत करना।

पुनः प्राप्ति गतिविधियाँ

- संरचनाओं का मजबूतीकरण तथा पुनः बहाली तथा जिन कारणों से संरचनाओं में नुकसान पहुंचा है। उनको यथा संभव दूर करना।
- मूल्यांकन तथा किये गये कार्यों का दस्तावेजीकरण करना।

- अनुभवों तथा सीख को अन्य लोगों को बताना।
- कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना।
- आकस्मिक योजना का निर्माण करना।

विद्युत विभाग

निवारक गतिविधियाँ

- आपात अनुक्रिया हेतु आवश्यक संसाधनों का चिन्हीकरण।
- बिजली मिस्त्रियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करना तथा यह सुनिश्चित करना कि बिजली उपकरणों के स्थापना में निर्धारित मानको का पालन कड़ाई से किया जाये।
- बिजली सम्बन्धी उपकरणों के स्थापना तथा निरीक्षण हेतु आवश्यक योजना का विकास करना।
- आपात स्थिति में महत्वपूर्ण स्थलों पर त्वरित बिजली प्रदान करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में बिजली बहाली हेतु आकस्मिक कार्य योजना त्वरित विकसित करना।
- विद्युत तारों के टूटने गिरने की स्थिति में करंट न फैल पाये इस हेतु आवश्यक मानकों को लागू करना तथा समय–समय पर उसका निरीक्षण करना।
- किसी भी प्राकृतिक आपदा जैसे भूकम्प, बाढ़, चक्रवात के दौरान उच्च क्षमता के तारों में न्यूनतम नुकसान हो इस हेतु आवश्यक कार्य योजना विकसित करना।
- किसी भी प्राकृतिक/मानव निर्मित/सामान्य स्थिति में बिजली से होने वाले नुकसानों को कम करने हेतु समुदाय को जन–जागरूक करना।

अनुक्रिया गतिविधियाँ

- सूचना मिलने के बाद संभावित प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में बिजली वितरण बन्द करना।

- घटना स्थल का भ्रमण कर नुकसान ऑकलन में आवश्यक सहयोग करना।
- जिले में महत्वपूर्ण स्थलों, साइट ऑपरेशन केन्द्रो, औद्योगिक केन्द्रों, अस्पतालों में त्वरित बिजली व्यवस्था प्रदान करने हेतु आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- उच्च विद्युत क्षमता के तारो, विघुत उपकेन्द्रों ट्रांसफारर्मर/पोल इत्यादि महत्वपूर्ण घटकों का निरीक्षण एवं मरम्मत करना।
- किसी भी आपदा/आपात स्थिति में जन सामान्य को विद्युत के कारण नुकसान न हो पाये ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बिजली बहाली यथाशीघ्र सुनिश्चित करना।
- क्षतिग्रस्त पोल, ट्रांसफारर्मर, कनडकर्टस इत्यादि उपकरणों की मरम्मत एवं बदलाव शीघ्रातिशीघ्र करना।

जल संसाधन विभाग

निवारक गतिविधियाँ

- नदी के बहाव के उच्चतम बहाव क्षेत्र का ऑकलन तथा इस विषय में स्थनीय जन समुदाय को जानकारी प्रदान करना।
- बाढ़ संभावित क्षेत्रों, गांवों का चिन्हीकरण तथा बाढ़ निगरानी तंत्र की स्थापना।
- जिले के नदियों, टैंक तथा बांधों के उच्चतम पानी के बिन्दुओं का चिन्हीकरण।
- अनुक्रिया हेतु आवश्यक सामग्री का चिन्हीकरण तथा रख–रखाव।
- पंचायत स्तर पर किनारों के टूट के दौरान प्रयोग किये जाने वाले संसाधनों, बालू के बोरो इत्यादि का संकलन।

अनुक्रिया गतिविधियाँ

- बाढ़ स्थिति की निगरानी।
- बाढ़ सूचना का प्रसारण।

- संचार के आवश्यक नये तकनीकी जी.पी.एफ. इत्यादि का उपयोग करते हुए तहसील वार होने वाले नुकसानों तथा बहाव क्षेत्र सहित सूचना का सम्प्रेषण।
- सिंचाई के संरचनाओं की संरक्षण एवं निगरानी।
- जिले के प्रमुख बांधों, पुलो, चैनल्स तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण।
- संरचनाओं स्टेशन, उपकरण, पम्प, जनरेटर, मोटर इत्यादि का मरम्मत एवं निरीक्षण।
- बांध टूट स्थल पर रोक हेतु समुदाय से आवश्यक सहयोग प्राप्त करने के लिए सामुदायिक गतिशीलता।
- संरचनाओं एवं मानवशक्ति का सशक्तीकरण।
- पुनः मूल्यांकन एवं दस्तावेजीकरण।
- सीख तथा अनुभवों का आदान–प्रदान।
- कर्मचारियों का आवश्यक प्रशिक्षण।
- आकस्मिक कार्य योजना का निर्माण।

वन विभाग

निवारक गतिविधियाँ

- कितना जंगल भू–भाग है। जंगल क्षेत्र की भूमि का उपयोग, जंगल फैलाव में कमी इत्यादि विषयों पर जन समुदाय को जानकारी हेतु समय–समय पर सूचना प्रकाशन।
- हाथ तथा मशीन चलित आरी को हमेशा चालू हालत में रखना।
- वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करना तथा समय–समय पर जन समुदाय को बीज/पेड़ प्रदत्त करना, किसी भी आपदा के बाद होने वाले क्षति को ध्यान में रखते हुए जन सामान्य को बीज/पेड़ प्रदान करना।

परिवहन विभाग

निवारक गतिविधियाँ

- आपात स्थिति में उपयोग किये जाने वाले वाहनों की सूची बनाना।
- सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना।
- जन–जागरूकता कैम्पों के माध्यम से सुरक्षा तथा यातायात नियमों के विषय में जानकारी प्रदान करना।
- स्कूली बच्चों को यातायात नियमों तथा सुरक्षा के विषय में जानकारी हेतु (सूचना शिक्षा संचार) के माध्यम से शिक्षित करना।
- आपात स्थिति में बेहतर सेवा के लिए वाहनों, ट्रकों इत्यादि वाहनों को प्रदत्त करना।
- खोज, बचाव तथा प्राथमिक चिकित्सा कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।

पुनर्बहाली गतिविधियाँ

- ग्राम पंचायतों को रिलिफ सामग्री के भण्डार एवं वितरण में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।

पंचायती राज्य विभाग

निवाकर गतिविधियाँ

- जोखिम को कम करने के लिये निवारक एवं शमन रणनीति विकसित करना।
- आपदा प्रबन्धन के विभिन्न पहलूओं पर निर्वाचित प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण आयोजित करना।
- आपदा प्रबधन के विभिन्न पहलूओं पर जन सामान्य समुदाय को जागरूक करना।
- अवास्तविक अभ्यासों का आयेाजन करना।
- समुदाय आधारित आपदा प्रबधन कार्य योजना को प्रोत्साहित एवं सहयोग प्रदान करना।

- स्थानीय स्तर पर किये जाने वाले अनुक्रिया कार्यो का सशक्तीकरण करना।
- अन्य विभागों को सामुदायिक सहभागिता प्राप्त करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।

अनुक्रिया गतिविधियाँ

- समुदाय को सही समय पर सूचना प्रेषण हेतु ग्राम पंचायत सदस्यों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना।
- ग्राम स्तर पर नाली, सड़क तथा अन्य संरचनाओं की साफ–सफाई एवं रख–रखाव।
- ग्राम स्तर पर वैकल्पिक रास्तों का निर्माण करना।
- नुकसान ऑकलन तथा राहत वितरण में आवश्यक रूप से शामिल रहे।
- आपात राहत एवं आश्रय केन्द्रों का संचालन।
- स्वच्छता, चिकित्सा तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करना।
- जन समुदाय को जागरूक एवं गतिशील करने के लिए अधिकाधिक सूचना/शिक्षा/संचार संसाधनों का निर्माण एवं वितरण।
- वृक्षारोपण इत्यादि में स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों समुदाय आधारित संगठनों, जन समुदाय की भागीदारी को बढ़ाना।
- जंगल की आग की घटना तथा होने वाले नुकसान को कम करने के लिए यथोचित कार्य योजना का निर्माण करना।
- सड़क सफाई, मलवा सफाई में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
- वृक्ष काटने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करना।
- अस्थाई आश्रय स्थलों को तैयार करने हेतु उपलब्ध स्थानीय संसाधनों जैसे बॉस इत्यादि की व्यवस्था करना।

पुनः प्राप्ति हेतु गतिविधिः–

- वृक्षो को होने वाले नुकसानों को कम से कम करने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रमों को प्रोत्साहित एवं लागू करना।

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग

निवारक गतिविधियाँ

- जिले के प्रमुख खतरो, आपदाओं के विषय में जन समुदाय को, मीड़िया का उपयोग करते हुए जागरूक करना।
- विभिन्न आपदाओं के दौरान क्या करें तथा क्या न करें के विषय में समुदाय को जानकारी प्रदान करना।
- मीड़िया के साथ निरन्तर समन्वय।

अनुक्रिया गतिविधियाँ

- आपात स्थिति घटना की सही–सही एव पूरी जानकारी समुदाय को प्रदान करने को दृष्टिगत एक नियन्त्रण कक्ष की स्थापना करना।
- निर्धारित समय पर आपदा के विषय में राज्य, समुदाय तथा अन्य अभिकरणों को जानकारी प्रदान करना।
- आपात स्थिति, संवेदनशील क्षेत्र, होने वाली मृत्यु, प्रभावित जनसंख्या के विषय में जन समुदाय को समय–समय पर जानकारी प्रदान करना।
- आपदा उपरान्त प्रदत्त किये जाने वाले विभिन्न सहायता, धनराशि इत्यादि के विषय में स्थानीय जन समुदाय को समय–समय पर जानकारी प्रदान करना।

राजस्व विभाग

- भारत सरकार तथा अन्य दाता संस्थाओं के साथ समन्वय एवं तालमेल।
- स्थिति पर नियन्त्रण तथा सुपरविजन।
- नुकसान ऑकलन, रिपोर्ट तैयार करना तथा आपदा स्तर की घोषणा करना।
- वित्त की व्यवस्था करनां

जोखिम विषयक पूर्व तैयारी–

बाढ़

1. जिले की प्रमुख नदियों पर जलस्तर मापक केन्द्रों की स्थापना की जायेगी।
2. प्रतिवर्ष मानसून आने से पूर्व जिले में स्थित सभी संरचनाओं जैसे– बांध, चेक डेम, नहर इत्यादि का रख–रखाव, मानीटरिंग एवं आवश्यक सुधार सम्पन्न किया जायेगा।
3. बांधों का समुचित रख–रखाव।
4. बांध के निचले हिस्सें में प्रभावित होने वाले नदी–नालो पर संकेत लगाया जायेगा।
5. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के प्रत्येक ग्राम में नावों, तैराकों की सूची ग्राम पंचायतों में उपलब्ध होगी तथा बाढ़ के समय आवश्यक मुनादी तथा राहत शिविरों की व्यवस्था पंचायतों के माध्यम से किया जायेगा।
6. जागरूकता–समुदाय के लोगों को जागरूक एवं गतिशील करना।
7. नदियों के किनारें बसे गॉवों में कुशल तैराकों की सूची, नाव एवं अन्य जीवन रक्षक साधन (ट्यूब, औषधी आदि) पर्याप्त मात्रा में हो।
8. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को सूचीबद्ध कर उनके पुर्नवास स्थलों को चिन्हित करना एवं ऐसे स्थलों के लिए चिकित्सा दल पहले से ही तैयार रखना।
9. बाढ़ पूर्व सूचना तंत्र को प्रभावी करने के लिए आवश्यक कार्य योजना तैयार एवं लागू की जायेगी।
10. जिले के प्रमुख नदियों में जलस्तर चिन्हांकन सामान्य एवं भीषण बाढ़ के हिसाब से तय किया जायेगा।
11. बाढ़ के दौरान उपयोग की जाने वाली सामग्री का संग्रहण पूर्व मे ही किया जायेगा।

12. बाढ़ प्रभावित गांवो हेतु संसाधन सूची का निर्माण संपर्क व्यक्ति के नाम एवं दूरभाष नम्वर सहित किया जायेगा।
13. बाढ़ हेतु संवदेनशील क्षेत्रों मे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने हेतु कार्य योजना विकसित की जायेगी।
14. बाढ़ हेतु संवेदनशील स्थलों/ग्रामों मे रहने वाले स्थानीय जनसमुदाय/संस्थाओं /विभागों को बाढ़ से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी/प्रशिक्षण प्रदान कर जागरूक एवं गतिशील किया जायेगा। इस हेतु (आई0ई0सी0) सूचना संचार संप्रेषण के विभिन्न तरीकों/पद्धतियों का उपयोग किया जायेगा।
15. परिवहन हेतु सुरक्षित मार्गो का चयन।
16. बांध के निचले हिस्से के संवेदनीशल क्षेत्रो को चिन्हांकित करना।
17. वैकल्पिक पुर्नवास की व्यवस्था।

2. औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटनायें

1. औद्यौगिक इकाई में चलित स्वास्थ्य सुविधा के उपलब्धता हेतु आवश्यक कार्य योजना विकसित एवं लागू की जायेगी।
2. औद्यौगिक इकाई में आपातकालीन निकास हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।
3. अलार्म सिस्टम सही तरीके से कार्य करे इसके लिए समय–समय पर आवश्यक मानिटरिंग सुनिश्चित की जायेगी।
4. औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा औद्यौगिक इकाईयों का समय–समय पर निरीक्षण, एवं परीक्षण कर सुरक्षा प्रमाण पत्र जारी किये जायेंगे।
5. स्थानीय समुदाय तथा औद्यौगिक इकाई मे कार्यरत कर्मचारियों को किसी आपात स्थिति में सूचना देनें हेतु पर्याप्त मात्रा में ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था पूर्व मे ही सुनिश्चित की जायेगी।

6. औद्योगिक क्षेत्र में स्थानीय जन समुदाय को आपदा प्रबंधन के विषय में जानकारी प्रदान करने हेतु समय–समय पर बैठको का आयोजन किया जायेगा।

3. सड़क दुर्घटनाएं

1. मोबाईल मेडिकल टीम की क्रियाशीलता।
2. प्रमुख दुर्घटना संभावित स्थलों पर कार्यरत पुलिस बल को प्राथमिक उपचार हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
3. सीट बेल्ट व हेलमेट संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जायेगा। साथ ही नियमों का पालन करने वालों को प्रोत्साहित भी किया जायेगा।
4. राष्ट्रीय राजमार्गों, मुख्य मार्गों, पर निवास करने वालें परिवारों/समुदायों को यातायात नियमों के विषय में जागरूक किया जायेगा।

4. रसायनों का परिवहन एवं संग्रहण

1. रासायनिक सामग्री यातायात की समय–समय पर सुरक्षा सम्बंधी जॉच।
2. खतरनाक रसायनों के विषय में स्थानीय लोगों को समय–समय पर जानकारी प्रदान करना।

5. सूखा

1. सूखाग्रस्त क्षेत्रों का चिन्हांकन।
2. सूखाग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की क्षमता का निर्माण।

6. भूकंप

1. भूकम्परोधी मकानों के निर्माण से सम्बंधित कानूनों एवं मानकों का कडाई से अनुपालन।

7. मेला एवं त्योहार संबंधी आपदायें

1. मेला स्थलों पर कूडादान की व्यवस्था।
2. वाहन पार्किंग व्यवस्था।
3. आवागमन के मार्गों का निर्माण एवं निर्धारण।
4. प्राथमिक चिकित्सा कक्ष की स्थापना एवं चिकित्सा वाहन की तैनाती।
5. आवागमन के मार्गों एवं खोये हुए व्यक्तियों की जानकारी हेतु नियंत्रण कक्ष की स्थापना।
6. मेला क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाओं, संसाधनों, स्वयंसेवको का उचित स्थलो पर प्रदर्शन।
7. मेला के दौरान स्थानीय अस्पतालो में अतिरिक्त बिस्तरों, डॉक्टरो, आकस्मिक सुविधा की व्यवस्था।
8. महिलाओं, बच्चो, वृद्धो, अशक्तो हेतु अलग से व्यवस्था।

8. आग

अ. घरेलू आग

1. आग से होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में जन समुदाय को समय–समय पर जागरूक करना।

ब. जंगल की आग

1. तेन्दू पत्ता एवं महुआ संग्रहण स्थलों को सुरक्षित रखने हेतु ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिवों के माध्यम से ग्रामों में मुनादी कराकर सर्तक करना एवं ज्वलनशील पदार्थो को वनक्षेत्र में प्रतिबंधित करना।

9. खदान सम्बंधी दुर्घटनायें

1. संवेदनशील खदानों का सूचीकरण एवं चिन्हीकरण किया जायेगा।

10. रेल दुर्घटना

1. जिले के समस्त रेल्वे क्रासिंग पर बैरियर के निर्माण हेतु रेल्वे से तालमेल स्थापित किया जायेगा।
2. रेल्वे के किनारे बसे गॉवों को सूचीबद्ध किया जायेगा।

11.महामारी

1. मृत पशुओं के शवों के उचित निस्तारण हेतु जगह का निर्धारण।

अध्याय–5

जिला गुना
में चिन्हित कुछ प्रमुख आपदाओं
की शमन कार्य योजना

आपदा शमन

शमन से तात्पर्य उन क्रियाकलापों से है, जिनके द्वारा आपदा या जोखिम के प्रभाव को कम किया जा सकता हैं।

संरचनात्मक शमन से तात्पर्य है किसी भी ढांचागत निर्माण के पूर्व, क्षेत्र विशेष में विद्यमान खतरों/संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए निर्माण किया जाना। साथ ही विद्यमान खतरों के प्रभाव को कम करने के लिए निर्माण कार्य किया जाना भी इसी के अन्तर्गत आता है।

गैर संचरनात्मक शमन कार्य के अन्तर्गत सूचना संप्रेषण के विभिन्न तरीकों जैसे– समुदायिक बैठकों, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटकों आदि के माध्यम से चिन्हित विभिन्न खतरों के दौरान *''क्या करें क्या ना करें''* के विषय में समुदाय को जानकारी प्रदत्त करते हुए स्थानीय जनसमुदाय की क्षमता वृद्धि करना। जिला गुना में विद्यमान प्रमुख खतरों के अनुरूप शमन कार्य योजना तैयार की गई है। जिसका विवरण निम्नवत है।

1. बाढ़

संरचनात्क शमन

जिला गुना में बाढ़ आपदा प्रबंधन की दृष्टि से निम्नलिखित संरचनात्मक शमन कार्य किये जायेंगे –

18. भविष्य में समस्त संरचनाओं का निर्माण आपदारोधी तकनीक से किया जायेगा।
19. चिन्हित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र/स्थलों जहॉ से बाढ़ का पानी प्रवेश करता है उन स्थलों पर बाढ़रोधी संरचनाओं का विकास एवं निर्माण।
20. जिले की नदियों के प्राकृतिक बहाव क्षेत्रों (Natural Detention Basin) को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार विकसित किया जायेगा।
21. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों/गांव में चेक डेम, स्टाप डेम, रिर्जव वायर, का निर्माण किया जायेगा।

22. बाढ़ प्रभावित एवं अन्य क्षेत्रों में बेहतर जल निकासी हेतु व्यवस्था की जायेगी।

23. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों/स्थलों/गाँव में बाढ़ के पानी के दिशा परिवर्तन हेतु आवश्यकता अनुरूप निर्माण किया जायेगा।

24. वर्षा पूर्व नालियों/नालों/पुलियों के पाईप आदि की सफाई कराई जाए।

25. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का विशेष मानचित्रण जिसमें नदी के बहाव की दिशा, जल निकास क्षेत्र एवं उसकी दिशा, प्रभावित हो सकने वाले गांवो, सड़कों, कस्बों, नगरों का चित्रण किया जायेगा।

26. वर्षा जल संचयन कार्य योजना प्रभावी तरीके से लागू की जायेगी।

27. संपूर्ण जिले में मिट्टी कटाव को रोकने हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम लागू किया जायेगा।

गैर संरचनात्मक शमन

1. मैपिंग–सुरक्षित एवं प्रभावित स्थानों का चिन्हांकन
2. जिले में स्थिति प्रमुख बाँधों के अधिकारियों के बीच समन्वय हेतु सूचना तंत्र स्थापित किया जायेगा।
3. जिन बाँधों का पानी छोड़ने पर गुना जिले में नदियों का जल स्तर बढ़ता है उनके द्वारा पानी छोड़ने के पूर्व राजस्व विभाग को पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा, जिससे जल स्तर बढ़ने की स्थिति में प्रभावित होने वाली जनता को सुरक्षित स्थानों में ले जाया जा सके।
4. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों को विभिन्न बीमा संबंधी जानकारी प्रदत्त करते हुए उपयोग हेतु प्रेरित किया जायेगा।

2. औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटनायें

जिला गुना में कुछ प्रमुख औद्योगिक इकाईयाँ जैसे एन0एफ0एल0, गेल, इत्यादि विद्यमान हैं। इन औद्योगिक इकाईयों द्वारा ऑन साइड एवं ऑफ साइड कार्ययोजना का निर्माण किया गया है। उपरोक्त योजना की प्रति प्राप्त कर जिला आपदा प्रबंध कार्ययोजना में सम्मिलित किया जायेगा। जिला स्तर पर किये जाने वाले प्रमुख संरचनात्मक एवं गैर संरचनात्मक कार्य निम्नवत हैं–

संरचनात्मक शमन

1. किसी भी औद्योगिक इकाई के निर्माण के समय ही यह सुनिश्चित किया जायेगा कि औद्योगिक इकाई द्वारा कम से कम खतरे उत्पन्न हो।
2. औद्योगिक क्षेत्र (राघौगढ़) में भूकंपरोधी इमरतों को ही निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की जायेगी।
3. भू–उपयोग योजना इस प्रकार हो कि उद्योग रिहायशी इलाकों से उचित दूरी पर स्थित हों।

गैरसंरचनात्मक

1. फैक्ट्री के मजदूरों को सुरक्षा संबंधी ''क्या करें, क्या न करे'' पर उचित प्रशिक्षण दिया जायेगा।

3. सड़क दुर्घटनाएं

संरचनात्मक शमन

1. पूर्व चिन्हित दुर्घटना स्थलों पर आवश्यकता अनुरूप दो लेन (Two Lane) सड़क निर्माण।
2. संभावित दुर्घटना स्थलों पर आवश्यक साइन बोर्ड की स्थापना।

3. मुख्य मार्गो, राज्य मार्गो, राष्ट्रीय राज्य मार्गो पर लगने वाले हाट बाजारों को विस्थापित करने हेतु आवश्यक प्रयास सुनिश्चित किया जायेगा।
4. पुल–पुलियों की साइड रैलिंग का निर्माण एवं मरम्मत की जायेगी।
5. सड़कों पर मार्किंग की जायेगी।
6. बेहतर एवं त्वरित चिकित्सा हेतु जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीनागंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राघौगढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रूठियाई तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आवन पर ट्रॉमा मोबाईल वॅनों को तैनात किया गया है।
7. दुर्घटना संभावित स्थलों तथा प्रमुख चौराहों पर वाहन की गति कम करने हेतु रम्मबल स्ट्रीप का निर्माण किया जायेगा।
8. प्रमुख दुर्घटना स्थलों पर पिकेट स्थापना।

गैर संरचनात्मक शमन

1. निरंतर हाइवे पेट्रोलिंग।
2. खुले घूमने वाले पशुओं को कांजी हाउस में बन्द किया जायेगा एवं इस संदर्भ में लगातार मानिटरिंग एवं सुपरविजन किया जायेगा।

4. रसायनों का परिवहन एवं संग्रहण

संरचनात्मक

1. रासायनिक सामग्री भण्डारण हेतु सुरक्षित स्थान का चिन्हांकन।
2. आबादी क्षेत्र में रासायनिक सामग्री का भण्डारण एवं यातायात करने वाले वाहनों का रूकना प्रतिबंधित करना।

गैर संरचनात्मक

1. आपात स्थिति में बचाव एवं सुरक्षा सम्बंधी प्रशिक्षण विशेष रूप से चिकित्सा एवं पुलिस विभाग को।

5. सूखा

संरचनात्मक शमनः

1. **वर्षा जल संचयन** वर्षा जल के उचित संरक्षण एवं भू–जल संवर्धन हेतु वर्षा जल संचयन पद्धति को जिले में प्रभावी तरीके से लागू किया जायेगा। नये तालाबों का निर्माण किया जायेगा।

2. जलाशय गहरीकरण

जिले में स्थित प्रमुख जलाशयों में अधिक जल संग्रहण हेतु आवश्यक साफ–सफाई तथा गहरीकरण का कार्य किया जायेगा।

3. वृक्षारोपण

वृक्षारोपण हेतु आवश्यक कार्य योजना विकसित एवं लागू की जायेगी।

4. भू–जल सुधार हेतु आवश्यक निर्माण

स्टॉप डॅम, चेक डॅम, सोख्ता गड्ढ़े इत्यादि के माध्यम से भू–जल स्तर में सुधार हेतु आवश्यक प्रयास किये जायेंगे।

5. सिंचाई क्षेत्र का विस्तार।
6. अनाज बैंक की स्थापना।

गैरसंरचनात्मक शमनः

3. जल संसाधन स्त्रोतों के उपयुक्त उपयोग हेतु जिला स्तर पर तंत्र विकसित किया जायेगा।
4. कृषि बीमा को प्रोत्साहित किया जायेगा तथा इस विषय में किसानों को जागरूक एवं गतिशील करने हेतु बीमा प्रोत्साहन केम्पों का आयोजन जिले में कार्यरत विभिन्न बीमा कंपनियों के सहयोग किया जायेगा।
5. जल स्त्रोतों के बेहतर रख–रखाव हेतु समुदाय को जागरूक एवं गतिशील किया जायेगा।
6. कम वर्षा में होने वाली फसलों के लिए स्थानीय जनसमुदाय को प्रोत्साहित किया जायेगा।
7. ग्रमा स्तर पर संचालित योजनाओं जैसे राजीव गांधी वाटर शेड योजना अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित किया जायेगा।

6. भूकंप

संरचनात्मक शमन

1. आधारभूत सेवाओं से सम्बन्धित संरचनाओं का प्राथमिकता के आधार पर मजबूतीकरण। प्रथम चरण में जिला गुना के दो प्रमुख भवनों जिला कलेक्ट्रेट एवं जिला अस्पताल के दृढीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जायेगा एवं एन. एफ. एल., गेल एवं अन्य औद्योगिक इकाइयों का सिस्मिक जोन–2 के अनुसार मजबूतीकरण एवं निर्मित किया जायेगा।

(आपदा प्रबंध संस्थान, भोपाल द्वारा भूकम्पीय क्षेत्रों में भवन निर्माण हेतु एक मेनुअल विकसित किया गया है जिला प्रशासन द्वारा भवन निर्माण हेतु उक्त मेनुअल का उपयोग किया जा सकता है।)

2. द्वितीय चरण में सभी आंगबाडियों, स्कूलों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों का सुदृढीकरण किया जायेगा।

गैर संरचनात्मक शमन

भू–उपयोग योजना– बडी इमारतों, भवनों के निर्माण को प्रोत्साहित नहीं किया जायेगा। यदि निर्माण आवश्यक है तो भूकम्परोधी भवन निर्माण संबंधित मानदण्डों के अनुरूप ही निर्माण कार्य किया जायेगा।

प्रशिक्षण एवं कार्यशाला– निर्माण कार्य में संलग्न विभिन्न वर्गों जैसे सिविल इंजीनियर, आर्कीटेक्ट, ठेकेदारों, सुपरवाइजरों, राजमिस्त्री इत्यादि के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

जन–जागरूकता– जान–माल की क्षति कम करने के लिए परिवार, समुदाय, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं, विभागों को भूकम्प के विभिन्न पहलुओं के विषय में जागरूक एवं गतिशील किया जायेगा। इस हेतु सूचना, शिक्षा एवं संचार के विभिन्न पद्धतियों एवं तरीकों का उपयोग किया जायेगा।

7. मेला एवं त्योहार संबंधी आपदायें

संरचनात्मक शमन

9. आवश्यक बैरीकेड्स का निमार्ण।
10. स्वच्छ पेयजल एवं स्थाई एवं अस्थाई शौचालयों का निर्माण।
11. क्लोज सर्किट कैमरों की स्थापना।
12. मेटल डिटेक्टर गेटों की स्थापना।

गैरसंरचनात्मक शमन

1. मेला आयोजन समिति का गठन एवं समय–समय पर बैठकों का आयोजन।
2. मेला आयोजन का प्लान, रूट चार्ट तैयार करना।
3. मेला सम्बंधी आवश्यक निर्देशों के पालनार्थ जन–जागरूकता।
4. आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की तैनाती।

8. आग

अ. घरेलू आग

संरचनात्मक

1. विद्युत तार का सुरक्षित उपयोग।
2. बड़े भवनों विशेषकर सिनेमा घरों, स्कूल, सामुदायिक भवनो में आपात एवं वैकल्पिक मार्गों का निर्माण।
3. सामुदायिक एवं बड़े भवनों मे फायर अलार्म की स्थापना।
4. सामुदायिक एवं बड़े भवनों मे भवन निर्माण के समय ही आग बुझाने हेतु पानी के संग्रहण की उचित व्यवस्था।
5. अवैध विद्युत कनेक्शनों, कटिया प्रणाली पर नियंत्रण हेतु आवश्यक निगरानी।

गैर संरचनात्मक

1. रसोई गैस के सुरक्षित उपयोग हेतु समय–समय जन समुदाय को जागरूक एवं प्रशिक्षित करना।
2. जन समुदाय को ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित रख रखाव की जानकारी प्रदान करना।

ब. जंगल की आग

संरचनात्मक

1. आग फैलने से रोकनें हेतु वन विभाग द्वारा ट्रेंच का निर्माण।
2. क्षेत्र में जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण एवं चिन्हांकन।

गैर संरचनात्मक

1. अग्निशमन बिन्दु की जानकारी,
2. निगरानी दल का गठन,
3. वन क्षेत्र के पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिवों के माध्यम से पूर्व सावधानी हेतु जागरूकता।
4. वनरक्षक, वनपालो एवं अधिकारियों द्वारा संभावित खतरों के विषय मे वनवासियों को आगाह करना।
5. निकटतम फायर बिग्रेड स्टेशन एवं जल संसाधनों की सूची एवं उपलब्धता।

9. खदान सम्बंधी दुर्घटनायें

संरचनात्मक

1. खदान में सुरक्षा सम्बंधी आवश्यक निमार्ण कार्य सुनिश्चित किया जायेगा।
2. सुरक्षा उपकरणों की तैनाती की जायेगी एवं व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी

गैर संरचनात्मक

1. खुली खदानों की पहचान, समीक्षा एवं सतत् निगरानी।
2. खदानों के आस–पास निवास करने वालो का क्षमता निर्माण एवं जन–जागरूकता।

3. सूचना तंत्र की स्थापना।
4. सुरक्षा उपकरणों की जानकारी।

10. रेल दुर्घटना

संरचनात्मक

1. रेल्वे फाटकों के एक कि0मी0 पूर्व से साइन बोर्ड लेखन।
2. रेल्वे फाटकों के पास रम्बल स्ट्रीम का निर्माण किया जायेगा।
3. सभी मानव रहित फाटकों को मानव युक्त किया जायेगा।

गैरसंरचनात्मक

1. रेल्वे नियमों के प्रति जन–समुदाय में जन–जागरूकता।
2. रेल में सफर करनें वाले यात्रियों को सुरक्षा सम्बंधी जानकारी।
3. ज्वलनशील पदार्थों के साथ यात्रा न करने के लिए जागरूकता।

11.महामारी

संरचनात्मक शमन

2. गंदे पानी के निकास की समुचित व्यवस्था एवं नाली का निर्माण।
3. कूडा–कचडा निस्तारण की समुचित व्यवस्था एवं आवश्यकता अनुरूप कुडेदान का निर्माण।
4. स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था एवं उचित संख्या में शौचालयों का निर्माण, रख–रखाव एवं निरंतर साफ–सफाई।

गैरसंरचनात्मक शमन

1. समय–समय पर संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन।
2. महामारी फैलने के कारणों एवं रोकथाम के प्रति जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन।

3. टीकाकरण की समुचित व्यवस्था।
4. जागरूकता हेतु सूचना, शिक्षा, एवं संचार सामग्री का प्रभावी उपयोग जैसे– दीवार लेखन, नुक्कड नाटक, लोक गीत, इत्यादि।

अध्याय 6

आपदा अनुक्रिया कार्य योजना–

जिला गुना

अनुक्रिया योजना

किसी भी आपदा अथवा आपदा संभावित स्थिति में अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण द्वारा एक आपात बैठक कर अनुक्रिया हेतु गठित दलों को गतिशील किया जायेगा। घटना की सूचना राज्य आपदा प्रबंन प्राधिकरण, राज्य शासन को प्रेषित की जायेगी। राज्य प्राधिकरण तथा राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशो का पालन किया जायेगा। किसी भी आपदा के समय प्रभावी अनुक्रिया हेतु कुल दस प्रकार के दलों का गठन किया गया है जिनका विवरण निम्नवत है –

अनुक्रिया हेतु जिला एवं तहसील स्तर पर गठित दलों का विवरण

क्र.	कार्य	दलों की संख्या	नोडल विभाग	सहयोगी विभाग
1	संचार, सहायता एवं सूचना	7+1	उपजिलाधिकारी	पुलिस, रेवेन्यू, वायरलैस, प्रायवेट मो. ऑपरेटर, वन विभाग, एन.जी.ओ., रेडक्रास
2	स्थल खाली कराना	7+1	राजस्व (तहसीलदार)	पुलिस, राजस्व, होम गार्ड इत्यादि
3	खोज एवं बचाव	7+1	होमगार्ड विभाग	पी.डब्ल्यू.डी.,नगर पंचायत/ नगर पालिका, अग्निशमन, स्वयंसेवी संगठन, एन.एस.एस., एन.सी.सी.
4	कानून व्यवस्था	7+1	पुलिस विभाग	होमगार्ड, नगर/ग्राम सुरक्षा समिति, राजस्व, एन.सी.सी
5	चिकित्सा एवं परामर्श	7+1	चिकित्सा	रेडक्रास, प्राइवेट डाक्टर, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, आयुर्वेदिक चिकित्सा, पशु चिकित्सा,
6	भोजन एवं पेयजल व्यवस्था, राहत/पुर्न स्थापना	7+1	राजस्व विभाग	ट्रान्सपोर्ट, जल संसाधन, पी.डब्ल्यू.डी., नगर निगम, नगरपालिका, ग्रामीण विकास, लोक स्वाथ्य यांत्रिकी विभाग, वन विभाग
7	मलवा सफाई एवं रास्ता निर्माण, मृत पशुओ कूडे कचरे का निपटारा	7+1	पी0डब्ल्यू0डी0	नगर निगम, नगर पालिका / नगर पंचायत /ग्राम पंचायत, पशु चिकित्सा विभाग
8	बिजली	7+1		एम.पी.ई.बी.

प्रभावी अनुक्रिया हेतु दलों द्वारा किये जाने वाले कार्यो का विस्तृत विवरण निम्नवत है–

1. संचार, सहायता एवं चेतावनी प्रसारण दल

यह दल मुख्य रूप चेतावनी प्रसारण से संचार सेवाओं के बहाली हेतु उत्तरदायी होगा।

नोडल विभाग : उप जिलाधिकारी

सहयोगी विभागः पुलिस, रेवेन्यू, वायरलैस, प्रायवेट मोबाइल ऑपरेटर, वन विभाग, एन. जी.ओ., रेडक्रास।

दल द्वारा किये जाने वाले कार्यः

- जिला आपदा प्रबन्ध कार्यालय द्वारा आपदा की सूचना मिलने के उपरान्त दल प्रमुख द्वारा संचार दलों को सूचित एवं गतिशील किया जायेगा।
- सहयोगी विभागों के नोडल अधिकारियों को सूचित किया जायेगा।
- जिला आपदा प्रबन्धन कक्ष से प्रथम सूचना रिपोर्ट प्राप्त की जायेगी।
- सहयोगी विभागों द्वारा प्रदत्त सूचनाओं के आधार पर एक समिति गठित कर वास्तविक नुकसान का ऑकलन किया जायेगा।
- आपदा क्षेत्र में तत्काल, वैकल्पिक एवं प्रभावी संचार व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।
- सहयोगी विभागों को आपदा क्षेत्र के संसाधनों, उपकरणों की स्थिति के विषय में अवगत करायेंगे।
- स्थिति के विषय में कलेक्टर, अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण को अवगत करायेगें।
- समस्त सहयोगी विभागों की बैठक आयोजित करेंगे तथा आवश्यकतानुरूप निजी, गैर–सरकारी टेलीफोन ऑपरेटरों हेतु कार्य योजना विकसित करेंगे।

- किये गये कार्यों के विषय में जिला आपदा प्रबन्धन कक्ष को अवगत कराया जायेगा। आवश्यकतानुरूप मोबाईल एक्सचेन्ज की स्थापना की जायेगी।
- आम जनता हेतु अस्थायी दूरभाष नम्बर जारी किये जायेंगे तथा इसकी सूचना समाचार पत्रों, मीडिया तथा प्रेस के माध्यम से प्रचारित किया जायेगा।
- यदि जिले में हैम रेडियो है तो उनके संचालको को सूचित किया जायेगा तथा वर्तमान स्थिति तथा उससे निपटने के लिए किये गये प्रयास के विषय में अवगत कराया जायेगा।
- दल प्रमुख द्वारा सघन निगरानी की जायेगी तथा आवश्यकता अनुरूप और अधिक स्टॉफ की भर्ती की जायेगी।
- सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रो में त्वरित कार्यवाही हेतु आवश्यक उपकरण एवं संसाधन भेजा जायेगा।
- घटना से सम्बन्धित नवीनतम जानकारी से राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण को अवगत कराते हुए आवश्यक धन राशि संग्रह हेतु अपील जारी की जायेगी।
- आपात सहायता सूचना हेतु टोल फ्री नम्बरो की स्थापना।

त्वरित कार्यदल द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किये जाने वाले कार्य

- सूचना मिलने के बाद यथाशीघ्र नोडल कार्यालय पहुंचेगें तथा दल प्रमुख से आवश्यक निर्देश प्राप्त करेंगे।
- जमीनी हकीकत का ऑकलन कर रिपोर्ट दल प्रमुख को प्रेषित किया जायेगा।
- त्वरित कार्यदल द्वारा प्रेषित रिपोर्ट में निम्न तथ्यों को आवश्यक रूप से सम्मिलित किया जायेगा।

1 लगभग कुल नुकसान।

2 कुल कितने कि0मी0 तक नुकसान हुआ है।

3 कुल नुकसान केबल (मीटर में)

4 जनसमुदाय के उपयोग हेतु स्थायी कनेक्शन की स्थापना।

5 संचार सेवाओं के यथाशीघ्र बहाली हेतु मानव संसाधन, उपकरण, परिवहन, मोटरगाड़ी इत्यादि संसाधनो की आवश्यकता का ऑकलन।

